# देशबन्धु

वर्ष – 35 । अंक –115 । भोपाल, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बोरवेल खुला मिला, ग्रामीणों पर दर्ज हुई पहली एफआईआर — पृष्ठ 2
- चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो : वन पार्टी और नो इलेक्शन
- निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

पृष्ठ 4
- दुकानों में मिली अमानक पॉलीथीन, नपा की टीम ने किया जुर्माना

पृष्ठ 6

लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान आज — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### शाह आज मप्र में करेंगे सभाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। अशोकनगर एवं राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे।



जानकारी के अनुसार श्री शाह सुबह भोपाल से गुना जाएंगे। इसके बाद वे अशोकनगर जिले में पिपरई के मंडी केंपस में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर लगभग डेढ़ बजे वे राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### तिहाड़ जेल में 2 गुटों में झड़प, 4 कैदी घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक संदिग्ध गैंगवार और जेल के अंदर वर्चस्व की लड़ाई में दिल्ली तिहाड़ की जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इस झड़प में चार कैदी घायल हो गए। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, घायल अलग-अलग समूहों से थे। हमले का कारण जेल के अंदर वर्चस्व स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा, घायलों को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### अखिलेश ने कन्नौज सीट से भरा पर्चा

**कन्नौज, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कन्नौज सीट ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल समेत कई नेता मौजूद रहे। कन्नौज के मौजूदा भाजपा सांसद सुब्रत पाठक हैं। वह इस बार भी मैदान में हैं और नामांकन कर चुके हैं। अखिलेश यादव का मुकाबला उन्हीं से है। दो दिन पहले सोमवार को सपा प्रत्याशी के रूप में तेज प्रताप का नाम घोषित करने के बाद स्थानीय नेताओं में निराशा और नाराजगी दिखने लगी थी। कार्यकर्ताओं की मांग पर बुधवार दोपहर संकेत देने के बाद शाम को अखिलेश यादव का नाम घोषित कर दिया गया। साल 2019 आम चुनाव में समाजवादी पार्टी और बसपा का गठबंधन था। मगर इसके बावजूद भाजपा ने डिंपल यादव को हरा दिया।



### विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी शीघ्र होगी : जायसवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाए गए वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

### जदयू नेता सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार की रात जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि उनका मित्र घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि जदयू नेता सौरभ कुमार अपने दोस्त मुनमुन के साथ पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव में देर रात एक शादी के रिसेप्शन से लौटते समय गाड़ी में बैठ रहे थे तभी मोटर साइकिल पर सवार चार बदमाशों ने करीब से गोलियां चलाईं। इस हमले में सौरभ और मुनमुन घायल हो गए। दोनों को तुरंत एक निजी अस्पताल में ले जाएगा, जहां चिकित्सकों ने जदयू नेता को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, मुनमुन की स्थिति गंभीर बताई जाती है। सौरभ कुमार प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करते थे। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया प्रहार, राहुल ने भी साधा निशाना

# कांग्रेस फिर कुर्सी के लिए छटपटा रही

**मुरैना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर कुर्सी के लिए छटपटा रही है, और इसके लिए भांति-भांति के खेल, खेल रही है। देश के नागरिकों की आंखों में धूल झोंक कर सत्ता हथियाने के लिए आपके भविष्य को बर्बाद करने पर तुली हुई है। श्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें भी खुली छूट दे दी। हमने कहा, एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए, अगर एक गोला आता है तो 10 तोप चलनी चाहिए।



श्री मोदी मुरैना में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के वो लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का काला दौर देखा है। भाजपा के लिए देश से बड़ा कुछ भी नहीं है, वहीं कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है। उन्होंने कहा कि आजकल कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे पूरे देश में बढ़-चढ़कर कह रहे हैं कि अब आपकी संपत्ति का एक्स-रे होगा। हमारी माताओं-बहनों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### राहुल सेना के शौर्य पर उठाते हैं सवाल : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के पास जाकर दीवाली मनाकर उनका सम्मान बढ़ाते हैं और उन्हें संबल देते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि देश में आतंकवाद को समाप्त करने का काम और पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। आज देश से आतंकवाद का खात्मा हुआ है। आतंकवादी अब भारत में प्रवेश करने से डरते हैं, लेकिन राहुल गांधी सेना के शौर्य पर सवाल उठाकर सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगते हैं और दिग्विजय सिंह सेना का अपमान करते हैं।

# झूठ की वाणी से विकास ठप पड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रेडियो टीवी के माध्यम से सिर्फ झूठ की वाणी ही प्रसारित तथा प्रचारित होती रही और विकास की गाड़ी का पहिया ठप पड़ गया है।



श्री गांधी ने कहा 'टीवी-रेडियो हर जगह, गूंजती रही 'झूठ की वाणी', थम गए तरक्की के पहिए, ठप पड़ गई 'विकास की गाड़ी'। परिवर्तन की आहट सुनिए, कांग्रेस को चुनिए।' उन्होंने आगे कहा 'फर्क साफ है- कांग्रेस हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी और मोदी जी जानते हैं कि इलेक्शन उनके हाथ से निकल गया है।' उन्होंने कांग्रेस की सरकार आने पर जनता को मिलने वाली गारंटी का जिक्र करते हुए कहा 'कांग्रेस की गारंटी, हिंदुस्तानियों की सरकार। महिलाओं को 8,500 रुपए माह, युवाओं को एक लाख रुपए साल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### हमारे घोषणा पत्र में विरासत कर का जिक्र नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को उनकी बौखलाहट करार देते हुए आज कहा कि श्री मोदी सत्यमेव जयते नहीं बल्कि 'असत्यमेव जयते' पर विश्वास करते हैं और सिर्फ झूठ को ही प्रचारित करते हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले चरण का मतदान पूरा होने के बाद से श्री मोदी बौखला गए हैं और उन्हें निश्चित हो गया है कि उनकी हार हो रही है इसलिए वह उल्टे-सुनते बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा हम 'सत्यमेव जयते' पर विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 'अ-सत्यमेव जयते' पर विश्वास रखते हैं। कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं हैं। यह हमारा एजेंडा नहीं है। हकीकत ये है कि 1985 में राजीव गांधी जी ने विरासत कर को हटाया था।

# मोदी-राहुल के भाषणों पर आयोग ने भेजा नोटिस

### शिकायतों को नोटिस के साथ भेजा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिए आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किए गए मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये। आयोग ने नोटिसों में यह भी कहा है कि ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा होता है।

# होटल में लगी आग, 6 की मौत



**पटना, देशबन्धु।** गुरुवार को पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में लगी आग में झुलस कर अबतक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 से अधिक लोग झुलस गए हैं। आग में झुलसे लोगों को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों को आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। फिलहाल तीन दर्जन से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

दरअसल, गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है। आग में झुसले हुए 18 लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 12 लोगों को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनमें से तीन की हालत काफी नाजुक है।

### 18 गभीर रूप से घायल, 30 से अधिक को बचाया

# महिलाओं को नौकरी में दिया जाएगा 50 प्रतिशत आरक्षण

### राकांपा (शप) ने घोषणा पत्र में किया दावा



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उसने महिलाओं को नौकरी में 50 प्रतिशत तक आरक्षण देने का वादा किया है। घोषणा पत्र में जाति-जनगणना का भी समर्थन किया और किसानों के कल्याण, प्रशिक्षुता के अधिकार के लिये एक अलग आयोग बनाने का वादा किया गया है।

'शपथनामा' शीर्षक से जारी घोषणापत्र में राकांपा (शप) ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी), गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और अन्य कानूनों में सांविधानिक सिद्दांतों के साथ बदलाव का प्रस्ताव देने का भी वादा किया है। वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का समर्थन करती है और एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को खारिज करती है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि पार्टी राज्य और स्थानीय सरकारों को सशक्त बनाने, बिजली आपूर्ति का निरीक्षण करने तथा संवैधानिक संशोधनों को लागू करने का भी वादा करती है। राकांपा (शप) के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि उनकी पार्टी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए संवैधानिक संशोधन की मांग करेगी और सरकारी क्षेत्रों में अनुबंध श्रम पर प्रतिबंध लगाएगी। कानूनी रूप से अनुबंध श्रमिकों के लाभों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी को केंद्र में आने का अवसर मिला, तो वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को मानवीय चेहरा देगी। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 500 रुपये पर रखी जाएंगी और यदि आवश्यक हुआ तो सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएगी। पेट्रोल, डीजल कर का पुनर्गठन किया जाएगा।

# वायुसेना का टोही विमान दुर्घटनाग्रस्त



**जैसलमेर, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवत: विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया।

इसके बाद विमान में आग लग गई और वह जलकर नष्ट हो गया। विमान के टुकड़े क्षेत्र में फैल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड एवं दूसरे चरण में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए क्षेत्र में पहुंचे मतदानकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ टोही विमान के मलबे में लगी आग को बुझाने में मदद की। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। वायुसेना ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

# यू ट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बिहार के चर्चित यू ट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें भाजपा मुख्यालय में सांसद मनोज तिवारी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होने कहा कि यह फैसला वे अपनी मां के कहने पर लिए हैं। भाजपा की वजह से ही वे जेल से बाहर निकल पाए और उनके जीवन के बुरे दिन खत्म हुए। यही वजह है कि वे भाजपा में शामिल हुए है। अब भाजपा के साथ मिलकर बिहार को मजबूत करेंगे। बतादें मनीष कश्यप इन दिनों बिहार के पश्चिम चंपारन सीट से लोस चुनाव लडने की तैयारी में थे। वे यहां बिहार के पूर्व भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल के लिए बडी चुनौती बन गए थे। लेकिन मनोज तिवारी के प्रयास से कश्यप भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हो गए। बताया जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व ने उन्हें एमएलसी बनाने का भरोसा किया हैं।

## आप नेता बोले- सूरत बस झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है

# भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को भाजपा से देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि इस चुनाव में अगर भाजपा और नरेंद्र मोदी जीत गए तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने गुजरात के सूरत की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश से संविधान को खत्म करने की शुरुआत सूरत से कर चुकी है।

सूरत में कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया। आज तक के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कोई सत्ताधारी दल बगैर चुनाव के जीती हो। सूरत बस एक झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है। सत्ता में आते ही ये लोग बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, वोट का अधिकार खत्म कर देंगे और आरएसएस के संविधान से देश को चलाएंगे। इससे पहले ये लोग चंडीगढ़ में वोटों की बेईमानी करते हुए कैमरे में रंगेहाथ पकड़ा गए थे। संविधान खत्म करने के लिए ही भाजपा के उम्मीदवार और नेता 400 सीटें मांग रहे हैं।

### *लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश हो रही*

*आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा द्वारा संविधान बदलने की साजिश करने पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है।*

## मुख्य न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण को दिया बढ़ावा

# अब व्हाट्सएप पर मिलेगी सुप्रीम कोर्ट की 'वाद-सूची'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं। अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।'

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां 'व्हाट्सएप' के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ 'व्हाट्सएप' को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे।



### लोगों को आसानी से मिल सकेगी जानकारियां

### आपत्तियों के बारे में भी तुरंत जानकारी मिलेगी

इस सेवा के शुरू होने से 'बार' के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी। मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा, 'यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।'

## सार समाचार

### मोटरसाईकिल में भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत नौहर चक के पास दो मोटर सायकिलों की भिड़ंत में घायल बाईक सवार दो व्यक्तियों में एक की भोपाल रैफर करते समय रास्ते में मौत हो गई। जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल अरविन्द पुत्र महाराज सिंह रघुवंशी (45) निवासी ग्राम घटावदा थाना आरोन ने बताया कि गत दिवस वह और गांव का उनका मित्र हीरालाल राजपूत अपनी मोटर सायकल एमपी 08-0357 से आरोन से गुना जा रहे थे। मोटर सायकल हीरालाल राजपूत चला रहा था और वह पीछे बैठा था। जैसे ही वह लोग बजरंगगढ नौहर चक मलखान यादव के मकान के सामने आरोन गुना रोड पर पहुंचे, तभी सामने गुना तरफ से एक मोटर सायकल एमप 08-2614 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते टक्कर मार दी। जिसमें वह गोग मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गए। गिरने से दोनों को शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। जिसके बाद मौके पर पहुंची 108 एम्बूलेंश की मदद से दोनों घायलों को पहले जिला शासकीय अस्पताल फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान हीरालाल राजपूत की हालत निरंतर बिगड़ती गई तो डॉक्टरों ने उसे भोपाल रैफर कर दिया। लेकिन हीरालाल ने भोपाल पहुंचने से पहले ब्यावरा के आसपास ही दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने बाईक चालक पर गैर इरातन हत्या का मामला दर्ज किया है।

### राघौगढ़ में जेपी कॉलेज के पास लाखों का जुआ पकड़ा

# पुलिस ने कार सहित 3 जुआरी दबोचे, 4 अन्य भागे

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ पुलिस द्वारा जेपी कॉलेज के पास से लाखों रुपए का जुआ पकड़ा है। इस मौके पर पुलिस ने तीन जुआरियों को दबोच कर एक कार भी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेपी कॉलेज के पीछे मैदान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो आधा दर्जन से अधिक लोग गोल घेरा बनाकर ताश खेल रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी तो तीन जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गए, जबकि चार अन्य भाग गए। पकड़े गए जुआरियों में संतोष यादव पुत्र गजराजसिंह यादव निवासी ग्राम काली पहाड़ी थाना ओरछा जिला निवाड़ी, निखिल यादव पुत्र रामकुमार यादव निवासी ग्राम आजादपुरा थाना ओरछा जिला निवाड़ी, सत्यम पुत्र भगवानसिंह राजपूत निवासी लहर गिर्द शिवपुरी बाजार झाँसी उप्र शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस कुल नगदी 155000 रुपए, ताश की गड्डी एवं कार क्रमांक एमपी 36 सी 2915 बरामद की। पूछताछ में जुआरियों ने भागे हुए आरोपियों के नाम अशु चौरसिया, महेन्द्र मीना, कदम मीना एवं बलवान सिंह बताए। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कैंट पुलिस ने रिछैरा से पकड़े चार जुआरी

इधर कैंट पुलिस द्वारा भी ग्राम रिछैरा गौरा के पठार पर दबिश देकर चार जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे राकेश पुत्र दिलीप कुशवाह निवासी बूढ़े बालाजी, संतोष पुत्र मदन मोहन कुशवाह निवासी पलका टोरी जिला अशोकनगर, राजीव पुत्र भागीरथ कुशवाह निवासी पुरानी छावनी एवं गणेशराम पुत्र बादाम सिंह कुशवाह निवासी तरावटा थाना कैंट को पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने नगदी 5020 रुपए एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## बाल संरक्षण और मतदान के लिए जागरूकता फैलाएंगे विकास



**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ क्षेत्र के ग्र्राम मावन के विकास अहिरवार की आगाज इंटर्नशिप पूरी हो गई है। अब वह मतदाता जागरूकता अभियान करेंगे। दरअसल ग्रामीण इलाके के स्नातक के छात्र विकास अहिरवार का चयन बाल संरक्षण के लिए किया गया था। विकास का चयन एनएसएस के जरिए उनकी इनोवेशन को ध्यान में रखते हुए आगाज भोपाल ने किया था। मध्यप्रदेश के कुल 3200 आवेदनों में से 100 आवेदनों को इंटर्नशिप दी गई थी। इनको इनोवेटिव आइडिया के जरिए 3 महीने तक का स्टाइपेंड दिया गया था । इसके आवेदन हर वर्ष नवंबर से शुरू होते हैं । विकास ने बताया कि उन्होंने तीन महीने तक विभिन्न स्कूलों में जाकर गतिविधियां की और उन्हें बाल मजदूरी के खिलाफ शॉर्ट फिल्म के माध्यम से जागरूक किया है । इसी के साथ सीएम राइस स्कूल में भी एक बड़ा 2 घंटे का सत्र लिया था । इंटर्नशिप पूरी होने के बाद भी पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ बीके तिवारी एवं एनएसएस पीओ डॉ अनिल कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में गुना में बाल संरक्षण एवं आगामी चुनावों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान करते रहेंगे। जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके और राष्ट्रहित में सभी अपनी भूमिका निभा सकें ।

### चुनाव के 3 महीने बाद जगह-जगह लगेंगे शिविर, योजनाओं की पूर्ति होगी

# आदिवासियों के साथ 3 सौ वर्षों पुराना रिश्ता : प्रियदर्शनी



गुना, देशबन्धु। लोकसभा क्षेत्र गुना-शिवपुरी में बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया चुनावी अभियान में पिछले दो दिनों से गुना क्षेत्र में गाँव-गाँव दस्तक दे रहीं हैं। गुरुवार को बमोरी के नेतनपुर गाँव में उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव के ठीक 2-3 महीनों के अंदर अलग अलग स्थानों पर सहायता शिविर लगाये जाएँगे। जहां ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक हो अपनी समस्याओं की निदान करवा पाएंगे। उन्होंने कहा, आप सब हमारे 300 वर्षों पुराने परिवार के सदस्य हैं। आदिवासी सेना ने छत्रपति शिवाजी महाराज एवं महादजी सिंधिया के साथ स्वराज की लड़ाई की थी। सिंधिया परिवार ने आदिवासियों के लिए 200 वर्ष पहले ही स्कूल एवं स्कालरशिप शुरू किए थे। इस दौरे के दौरान हर कहीं इन्हें देखने व सुनने के लिए ग्रामीण विशेषकर महिलाओं काफी संख्या में उमड़ी। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कुछ लोग यहाँ आकर झूठे वादे कर चले जाते हैं। चुनाव हारने के बाद कभी कोई वापस नहीं आता, लेकिन सिंधिया जी सदैव आये।

# जिलेभर के पत्रकारों की मौजूदगी में पत्रकार भवन का हुआ भूमि पूजन



**गुना, देशबन्धु।** जिलेभर के पत्रकारों की मौजूदगी में कैंट स्थित मौसम विभाग के सामने पत्रकार भवन का भूमि पूजन संपन्न हुआ। मणिधारी ग्रुप के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा के संकल्प के अनुसार पत्रकार भवन का भूमि पूज मंत्रोच्चारणों के साथ हुआ। भूमि पूजन शहर के समाज सेवी और पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय शर्मा के हाथों हुआ ।

उन्होंने पत्रकार भवन के निर्माण में 1 लाख 51000 की राशि सहयोग बतौर देने की भी घोषणा की है। इस मौके पर जिलेभर के पत्रकार मौजूद रहे। विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ में पत्रकार भवन के भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर सभी पत्रकारों ने इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए आनंद सिंह लोढा का धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें कि आनंद सिंह लोढ़ा के देवेंद्र सिंह लोढा एवं उनकी माताजी मधुरानी लोढ़ा की स्मृति में यह पत्रकार भवन बनाया जा रहा है। जिसका एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। तीन मंजिला भवन शीघ्र ही आकर लेगा और इसमें सभी पत्रकारों के द्वारा यथा योग सहयोग दिया जा रहा है जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी आनंद सिंह लोढ़ा के इस कार्य की प्रशंसा की।

### मोटरसाईकिल नहीं देने पर शराबी ने की युवक से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी थानांतर्गत ग्राम सोनखरा में परिचित को राजस्थान जाने के लिए बाईक नहीं देना एक युवक को भारी पड़ा। बाईक नहीं देने से नाराज शराबी ने युवक के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक पुत्र गोपालसिंह राजपूत निवासी ग्राम सोनखरा ने अपने पिताजी गोपालसिंह राजपूत, पत्नी मनीषा राजपूत के थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी08 एमयू 2230 से अपने गांव में आश्रम के पास सब्जी लेने आया था। वही पर गांव का बलराम शिकारी शराब पीये हुए मिला और उसकी मोटरसाईकिल राजस्थान जाने के लिये मांगने लगा। जब उसने मोटरसाईकिल देने से मना किया तो शराबी ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## नईसडक़ पर मकान के दूसरी मंजिल पर लगी आग



**गुना, देशबन्धु।** शहर की नई सडक़ के पास गुरुवार सुबह एक मकान की दूसरी मंजिल पर आगजनी हो गई। घटना के दौरान एक महिला और छोटा बच्चा मौजूद थे। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि जिस कमरे में आग लगी वहां कई सामान जलकर खाक हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नईसडक़ पर आज सुबह मनोज शर्मा के घर में आगजनी की घटना घटित हो गई। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताया गया है। मकान में जिस जगह आग लगी वहां खाली कार्टून के अवशेष रखे हुए थे, जिसके कारण एक दम से आग बड़ गई।

आगजनी की घटना के दौरान मनोज शर्मा की पत्नी और बेटा मौजूद थे। उनकी आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। इसी दौरान मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

### चुनाव : अब तक 36 लाख की अवैध शराब बरामद

**गुना, देशबन्धु।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में निरंतर अवैध शराब पर कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना ने बताया कि अब कार्यवाही के दौरान कुल 133 छापे डाले गए। जिनमें कुल 99 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कायम कर कुल 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 614 बल्क लीटर मदिरा एवं 35115 बल्क लीटर लाहन जप्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत रुपये 36,39,600 आंकलित की गयी है। कार्यवाही में महेश कुमार गौड़ सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उप निरीक्षक राधाकिशन, गौरव जैन, मोहनीष शर्मा, लल्लूराम करोटिया तथा आबकारी मुख्य आरक्षक, आरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिले में अवैध एवं जहरीली मदिरा के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही सतत जारी है।

# कक्षा दसवीं की छात्रा ने सल्फास खाकर दे दी जान

**परीक्षा में असफल होने से दुखी होकर उठाया कदम**

**सीहोर, देशबन्धु।** इछावर में एक छात्रा ने कक्षा दसवीं में फेल होने से दुखी होकर सल्फास खाकर जान दे दी। बुधवार को अपना परीक्षा परिणाम देखकर उन्होंने छात्रा ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

पुलिस के अनुसार इछावर के वार्ड नंबर 12 निवासी 14 वर्षीय छात्रा पूजा राठौर गोल्डन ब्राइट स्कूल की छात्रा थी। जिसने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में फेल होने से दुखी होकर छात्रा ने देर रात 2 बजे सल्फास की गोलियां खा ली, जिससे वह तड़पने लगी। जिसे उसकी मां ने देखा फिर परिजनों को जगाया। परिजन छात्रा को शासकीय अस्पताल लेकर गए , जहां से उसे सीहोर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। वहीं छात्रा के परिजनों ने शासकीय अस्पताल इछावर पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं।

मृतिका के भाई का कहना है कि जब हम बच्ची को इछावर अस्पताल लेकर पहुंचे तो करीब 1 घंटे तक डॉक्टरों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया, जब हमने खरी-खोटी सुनाई तो उन्होंने सीहोर रेफर कर दिया। अगर इछावर में ठीक से समय पर इलाज हो जाता तो संभवत: पूजा की जान बच जाती।

# राष्ट्रपति के हाथों कालूराम बामनिया पद्मश्री से सम्मानित



**आष्टा, देशबन्धु।** गुड़ी पड़वा के पावन पर्व मानस भवन के विशाल प्रांगण में अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर अंचल के धार्मिक जन को आनंदित करने वाले कालूराम बामनिया को विगत दिवस राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने श्री बामनिया को प्रतिष्ठित पुरुस्कार पदमश्री से सम्मानित किया है। समीपस्थ नगर टोंक खुर्द सोनकच्छ के निवासी बामनिया कबीर भजनों के गायन में प्रसिद्ध है, गुड़ी पड़वा पर्व पर प्रभु प्रेमी संघ के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति के बाद उनको राष्ट्र स्तर पर सम्मानित किए जाने पर प्रभु प्रेमी संघ ने उनको बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है।

# बोरवेल खुला मिला, ग्रामीण पर दर्ज हुई एफआईआर



**सीहोर, देशबन्धु।** खुला बोरवेल छोड़ने पर जिले में ग्राम जमुनिया के एक ग्रामीण पर एफआईआर दर्ज कराई गई। सीहोर तहसील के ग्राम जमुनिया तालाब निवासी रामसिंह पिता तेज सिंह का बोरवेल खुला पाए जाने पर मंडी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर ग्राम जमुनिया तालाब की पटवारी रीना त्यागी की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अंतर्गत दर्ज की गई है। हल्का पटवारी ग्राम जमुनिया द्वारा 19 अप्रैल को पंचायत सचिव, चौकीदार तथा अन्य ग्रामवासियों के समक्ष निरीक्षण करने पर रामसिंह का बोरवेल खुला पाया गया।

हल्का पटवारी द्वारा पुन: 24 अप्रैल को निरीक्षण किया गया। जिसमें रामसिंह द्वारा बोरवेल को पन्नी से ढका गया था, जो कि अत्यंत खतरनाक तथा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। नियमानुसार बोरवेल पूर्णत: बंद नहीं करना तथा खुला रखना कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 का उलंघन होना पाया गया। हल्का पटवारी ग्राम जमुनिया तालाब की रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार सीहोर भरत नायक द्वारा मंडी थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया था। जिसके बाद ग्रामीण के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# एस.बी.एस. कांवेंट हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



रौनक सेन



रितु पाटीदार

**आष्टा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल व हायर सेकंडरी परीक्षा में एस बी एस कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। विद्यालय की दसवीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में रौनक सेन ने 92 प्रतिशत अभिषेक वर्मा ने 91: ,गिरजा ठाकुर 90, रौनक वर्मा 89 भावना पाटीदार 89, रुचि वर्मा 86, आयुष परमार 85, विधि चन्द्रवंशी 84, वेदिका ठाकुर 84, कल्पना सोनगर 81:, शुभम ठाकुर 79: लक्की ठाकुर 77: अभिषेक मेवाड़ा 77: कुमकुम मेवाड़ा 76: अनुष्का ठाकुर 75: कुमकुम ठाकुर 74: यशिका ठाकुर 73: अंशदीप ठाकुर 71: शिवम वर्मा 71: पलक मेवाड़ा 71: निखिल ठाकुर 71: आयुष ठाकुर 71: ज्योति वर्मा 70: अमन कुशवाहा 70: वन्दना मेवाड़ा 69: राजविनायक ठाकुर 69: रघुवीर ठाकुर 68: जयदीप ठाकुर 68: रविन्द्र मेवाड़ा 68:सपना कुशवाहा 68: आयुष मेवाड़ा 67: यशिका ठाकुर 67: मुस्कान विश्वकर्मा 66: अस्मिता ठाकुर 66: शुभम किरार 65: सुजल ठाकुर 65: सुमित पाटीदार 65: सुमित ठाकुर 64: परी ठाकुर 64: , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92: रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87: सपना ठाकुर 86: शिवानी परमार 86: कशिश ठाकुर 83: अनमोल ठाकुर 83:,सृष्टि ठाकुर 81: अर्पिता ठाकुर 81: मुस्कान करमोडिया 79: प्रियांशी मालवीय 79: यशराज बड़ोदिया 78:,कुमकुम वर्मा 77: आदित्य ठाकुर 76: आर्यन ठाकुर 75: पूजा सुलिया 75: साक्षी सोजतिया 74: अंशिकावर्मा 73:दीपक ठाकुर 72: राखी पोरवाल 72: आदित्य ठाकुर 71: प्रियंका किरार 70: हर्षिता ठाकुर 70: तनु पाटीदार 69: आदर्श ठाकुर 68:, दीपक ठाकुर 68: टीना गुणवान 65: दीपक जाट 64: दुर्गेश चन्द्रवंशी 62: ,सुजल पाल 62: श्रद्धा करमोदिया 62: ऋषिराज ठाकुर 61: भविष्य विश्वकर्मा 60: कृष्णपाल ठाकुर 60: अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, स्कूल के 32 छात्र/छात्राओ ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया,अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## 42 डिग्री पहुंचा तापमान, गर्मी से उलझे लोग

**गुना, देशबन्धु।** शहर में गुरुवार को तेज धूप और गर्म हवाओं ने शहरवासियों को परेशान कर दिया। अधिकतम तापमान में 42 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम 23 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया था। शुक्रवार को दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई। सुबह 8 बजे अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 9 बजे के बाद गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई। दोपहर 2 बजे हवाओं की रफ्तार और तेज हो गई। जिससे बाइक पर बिना मुंह बांधें लोगों का चलना भी दूभर हो गया। गर्मियों में वायरल फीवर सबसे घातक -मौसम बदलने के साथ ही लोगों में वायरल का दौर शुरू हो गया है और लोगों में वायरल फीवर के सबसे अधिक मरीज देखने को मिल रहे हैं। गर्मियों के दिनों में सबसे अधिक घातक बीमारी मलेरिया है जो अन्य बीमारियों के इंफेक्शन से भी मानव शरीर में पैदा हो जाती है।

इधर तापमान में भी दो डिग्री बढ़ोत्तरी से गर्मी अपना रंग दिखा रही है। लोगों का दो मिनट भी धूप में खड़ा रहना मुश्किल हो रहा है। दोपहर होते-होते तो गर्मी का असर इतना तेज हो गया की सडक़ों पर सन्नाटा पसर गया। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढने से रातें गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे धूप में इतनी तेजी रही की लोगों ने इसे झुलसाने वाली गर्मी बताया। लोग दिन में गर्मी से बचने के जतन करते नजर आए। राहगीर व वाहन चालक चेहरे को स्कार्फ से ढंककर निकले। शाम साढे 6 बजे तक भी गर्म हवा चल रही थी। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 14 संकुल प्रभारियों को थमाएं नोटिस

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की कार्यवाही**

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा 14 संकुल प्रभारियों के विरूद्ध लोकसभा निर्वाचन कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस थमाएं है। दरअसल लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए संबंधित संकुल प्रभारियों को अपने संकुल अंतर्गत समस्त लोक सेवकों की प्रविष्टि सीईएमएस पोर्टल पर ईपीडीएस लॉगिन से दर्ज किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। किंतु, मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण उपरांत शिक्षकों द्वारा लोकसेवकों की प्रविष्टि सीईएमएस पोर्टल पर दर्ज करने में लापरवाही बरती गई। संबंधितों द्वारा अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नही किया जाकर निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। संबंधितों का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1,2 एवं 3 के प्रतिकूल होकर गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। उक्त कदाचरण के लिए संबंधितों के विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अपना प्रतिउत्तर 24 घंटे की समयावधि में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये गये हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने या समाधानकारक नहीं पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध एक पक्षीय दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को भेजा जावेगा।

### इनके विरूद्ध जारी किये गये कारण बताओ सूचना पत्र

जिनके विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं उनमें विश्ववीर सिंह रघुवंशी सकुंल प्रभारी एवं उमावि शा. उत्कृष्ट उमावि आरोन वि.ख. आरोन जिला गुना, नंदलाल यादव संकुल प्रभारी एवं उमावि शा. कन्या उमावि आरोन वि.ख. आरोन जिला गुना, इन्द्रभान सिंह यादव (सेवानिवृत्त फरवरी 2024) संकुल प्रभारी एवं व्याख्याता शा. उत्कृष्ट उमावि बमोरी वि.ख. बमोरी जिला गुना, विजय श्रीवास्तव संकुल प्रभारी एवं उमावि शाउमावि परवाह वि.ख. बमोरी जिला गुना, विनायक सोपरा संकुल प्रभारी एवं उमाशि शा.बालक उमावि चांचौडा एवं शा. कन्या उमावि चांचौड़ा वि.ख. चांचौड़ा जिला गुना, शंभु सिंह सोलंकी संकुल प्रभारी एवं उमाशि शा.बालक उमावि कुंभराज वि.ख. चांचौड़ा जिला गुना, आशिफ खान बीईओ गुना प्रभारी एवं प्राचार्य वि.ख. गुना जिला गुना, एसपी नाना प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी शाउमावि क्र.-2 गुना वि.ख. गुना जिला गुना, एससी आर्य प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी शा. उत्कृष्ट उमावि राघौगढ़ वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना, गोपालकृष्ण माली संकुल प्रभारी एवं उमाशि शाउमावि जामनेर वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना, जैनेन्द्र सोलंकी संकुल प्रभारी एवं उमाशि शाउमावि मधुसूदनगढ़ वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना, मंजू चंद्रावत संकुल प्रभारी एवं उमाशि शा.कन्या उमावि राघौगढ़ वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना, विनोद साहू संकुल प्रभारी एवं उमाशि शाउमावि धरनावदा वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना तथा अरविंद तिवारी बीईओ राघौगढ़ प्रभारी एवं उमाशि वि.ख. राघौगढ़ जिला गुना के नाम शामिल हैं।

# आभूषण कारोबारी पिता-पुत्र को 3 बदमाशों ने पीटा

## कारोबारी का आरोप- लूट के बाद राजीनामा का दबाव बना रहे

**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया थाना क्षेत्र में आभूषण कारोबारी पिता-पुत्र से जीप सवार तीन युवकों ने मारपीट कर दी। पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि बदमाश गले में पहनी सोने की चेन ले गए हैं। इसकी थाने में शिकायत करने पर पुलिस राजीनामा का दबाव बना रही है। पुलिस ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक काछी मोहल्ला विदिशा में रहने वाला रितिक साहू पुत्र बनवारी लाल साहू उम्र 22 वर्ष बीकाम अंतिम वर्ष में पढ़ने के साथ ही बैरसियां क्षेत्र के गांवों में जाकर ऑर्डर पर सोना के जेवरात भी बेचता है। उसके पिता भी यही काम करते हैं। पिता-पुत्र 22 अप्रैल की शाम अर्जुन खेड़ी गांव में रहने वाले गुफरान खां के कहने पर जेवरात की आपूर्ति करने जा रहे थे। रास्ते में जीप में सवार तीन युवकों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन रितिक ने गाड़ी नहीं रोकी और आगे आकर बात करने का कहा तो तीनों युवक चले गए। इसके बाद नदी के पास उन्होंने फिल्मी स्टाइल में रितिक की गाड़ी को ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया और झूमाझटकी करते हुए रितिक चांटा मार दिया। सोने की चेन झपट ली। वह जान बचाने पास के खेत की ओर भागा। पिता मदद के लिए पुकारते रहे। इसी बीच पास में ईंट भट्टे में काम करने वाले लोग आए। लेकिन तब तक आरोपी बैग की तलाशी ले चुके थे। लोगों को आते देख आरोपी भाग निकले। इस दौरान रितिक ने मोबाइल से उनका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इस वीडियो में एक आरोपी बोलता सुनाई दे रहा है कि हम बैग में शराब चेक कर रहे थे।

रितिक ने बताया कि घटना के बाद वह डरा हुआ था। सोने के जेवरात भी उसके पास थे। लिहाजा, घर चला गया था। घर में जेवरात रखने के बाद नजदीकी थाने में गया। वहां पुलिस ने बताया कि घटना स्थल बैरसिया का है, शिकायत वहीं दर्ज होगी। तब तक रात हो चुकी थी। रितिक का कहना है कि अगले दिन ललरिया चौकी शिकायत करने पहुंचा। वहां पुलिस ने आवेदन लेकर चलता कर दिया। अगले दिन एफआईआर दर्ज करने के नाम पर बुलाया। दूसरे दिन फिर आवेदन लिया। रितिक का आरोप है कि दूसरे दिन लिए आवेदन में पुलिस ने अपने हिसाब से घटनाक्रम लिखा। इस बीच वहां आरोपियों का साथी आया था, जो राजीनामा के एवज में सामान लौटाने की बात कह रहा था। पुलिस ने भी राजीनामा कर मामला रफा दफा करने को कहा। रितिक ने राजीनामा से इनकार कर दिया था। अब तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

### पुलिस बोली- घटना संदिग्ध

उधर ललरिया थाने के एसआई शंभू सिंह सेंगर ने बताया कि 23 अप्रैल को रितिक चौकी पर आया था। उसके आवेदन को लेकर जांच की जा रही है। फिलहाल घटनाक्रम संदिग्ध लग रहा है।चूंकि लूट की पुष्टि नहीं हुई है। अब तक की जांच में पता चला है कि शराब ठेकेदार के लोगों ने शराब तस्कर समझकर उसे रोका था। वह लोग उसके पास मौजूद थैले की जांच करना चाहते थे। वहीं बैरसिया थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि दोनों पक्षों में झूमाझटकी हुई है। रितिक थैला लेकर सड़क किनारे भाग गया था। पहले उसने गले से चेन लूटने के संबंध में जानकारी थाने में नहीं दी थी। घटना के एक दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराने आया था। बाद में बताया कि गले से चेन छीनी गई है। जांच में सामने आया कि शराब ठेकेदार के लोगों ने अवैध शराब की तस्करी के संदेह में दोनों को रोका था। हालांकि सरेराह किसी को रोकना और उसके सामान की तलाशी की कोशिश करना भी अपराध है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई कराएंगे।

## बदमाशों ने 2 युवकों पर चाकू से किया हमला

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग के फूटी बावड़ी क्षेत्र में मोटर साइकिल देने से मना करने पर चार बदमाशों ने दो लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस घायल की शिकायत पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक फिरोज खान उम्र 18 वर्ष ऐशबाग में रहता है। वह अपने दोस्त रवि कुशवाहा के साथ फूटी बावड़ी के पास चाय की गुमठी पर चाय पी रहा था। वहां पर उसी मोहल्ले के रहने वाले निखिल ने रवि से मोटर साइकिल मांगी तो उसने मना कर दिया। इससे नाराज होकर निखिल, अमन, जल्ला वायरस और अरबाज नाडा ने रवि और उसके दोस्त फिरोज को रास्ते में रोक लिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने दोनों के साथ जमकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। हमले के बाद घायल युवकों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल फिरोज के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

# लोकसभा निर्वाचन: मतदान दलों का दूसरे प्रशिक्षण शुरु



**भोपाल, देशबन्धु।** जिले में मतदान दलों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती रूबल अग्रवाल ने गुरुवार को समन्वय भवन में पहुंचकर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया। प्रशिक्षणरत अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

जिले में आगामी 7 मई को सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिये मतदान दलों का गठन किया गया है। मतदान

### सामान्य प्रेक्षक ने लिया जायजा

दलों में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों और माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण में बताया गया कि सामग्री वितरण के लिए मतदान दलवार टेबिल लगाये जायेगे। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के मतदान केंद्र में लगने वाले दलों से संपर्क कर कम्युनिकेशन हेतु उनके मोबाइल नंबर आदि प्राप्त करगे। सामग्री प्राप्त करने के पश्चात सामग्री का मिलान करा लें तथा ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं वीवीपेट के नंबर आदि मतदान केंद्रवार नोट करें। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिए है कि मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। मतदान दलों को मतदान कराने की प्रकिया, उनके अधिकार-कर्तव्य, मतदान संबंधी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह भी मौजूद थे।

# होटल में युवती की हत्या की आरोपी महिला को जमानत मिली

## वकील बोले- जल्दबाजी में आरोपी बनाया गया पुलिस की विवेचना कमजोर थी

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहपुरा के होटल के स्क्वायर में सैक्स रैकिट गिरोह की सदस्य युवती की हत्या के मामले में गिरोह की सरगना बताई जाने वाली महक यादव को शुक्रवार को अदालत से जमानत मिल गई। उनके वकील ने बताया कि जिन धाराओं में महक को आरोपी बनाया गया,वो जल्दबाजी में लगाई गई थीं। वहीं पुलिस की विवेचना बेहद कमजोर थी। इसी का लाभ हमें जमानत में मिला। एडवोकेट यावर खान ने बताया कि महक यादव को पुलिस ने धारा 302, 201 और प्रिवेंशन ऑफ इम्मोरल ट्रैफिकिंग (पीटा एक्ट) के तहत आरोपी बनाया था। हमने अदालत को बताया कि इस मामले में पुलिस की विवेचना में कई कमी हैं। पीटा एक्ट के तहत महक को आरोपी बनाया, जबकि उसकी घटना में सीधी किसी भी प्रकार की संपलिप्पता नहीं पाई गई है। वारदात के समय वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं थी, जिससे यह साफ हो सके कि वह अनैतिक देह व्यापार कराती हैं। वारदात के कई दिनों बाद उसका नाम केस में आया। रिमांड लेने के बाद भी पुलिस उससे कोई खास जानकारी हासिल नहीं कर सकी। यही कारण है पुलिस द्वारा महक को गंभीर धाराओं में आरोपी बनाने के बाद भी महज दो दिन के भीतर उसे जमानत मिली।

# कॉरिडोर हटाने का काम धीमा, ननि आयुक्त हुए नाराज



**भोपाल,देशबन्धु।** नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण गुरुवार को बीआरटीएस का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने आरआरएल तिराहे से मिसरोद के आगे तक निर्मित बीआरटीएस कॉरिडोर के हटाने के कार्य का जायजा लिया। कॉरिडोर को हटाने का काम धीमा होने से वे नाराज हो गए और कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि के बाद कोई भी समय वृद्धि नहीं दी जाएगी।

## बिना अनुमति संचालित हो रहा मैरिज गार्डन किया सील



नगर निगम के अमले ने गुरुवार को नबीबाग करोंद स्थित रिश्ता मैरिज गार्डन सील कर दिया। यह बिना परमिशन के चल रहा था। अफसरों का कहना है कि संचालक के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी होगी। अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया, वार्ड-79 में नबीबाग करोंद स्थित बिना अनुमति के लंबे समय से रिश्ता मैरिज गार्डन संचालित हो रहा था। इसलिए एई अनिल शाहनी समेत अमले ने कार्रवाई की।

# किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होना आवश्यक: फादर जयसन



**भोपाल , देशबन्धु।** सेंटपॉल स्कूल आनंदनगर में गुरूवार को हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए देवनागरी लिपि तथा रोमन लिपि के सुधार हेतु हिंदी तथा अंग्रेज़ी भाषा में शुद्धलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा कक्षा पहली से सानवी बोरसे, कक्षा दूसरी से पृथ्वी साहू ,कक्षा तीसरी से सुहानी प्रिया मंडल ,कक्षा चौथी से आराधना वर्मा, कक्षा पांचवी से आरोही वंशकार के शुद्धलेखन की सराहना की गयी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए स्कूल के प्राचार्य फ़ादर जयसन ने कहा कि किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होना आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को न केवल भाषा के सही स्वरूप के प्रति जागरूकता पैदा होती है, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है और नित नए उपकरण आ रहे हैं। नवीनतम ज्ञान सभी को सहजता से उपलब्ध है। विद्यार्थी भी तकनीकों के प्रति जागरूक हैं और उनके ज्ञान का स्तर भी बढ़ा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि सेंट पॉल स्कूल में इंग्लिश मीडियम कक्षाओं के अलावा दोपहर की पाली में हिंदी माध्यम से भी आठवीं तक कक्षाएं संचालित की जाती है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

# बचन ने विद्यार्थियों को दी ओडिसी नृत्य की जानकारी



**भोपाल , देशबन्धु।** विख्यात ओडिसी नृतक विनोद केविन बचन ने भोपाल में विश्व नृत्य दिवस की पूर्व बेला में छह कार्यक्रमों की श्रंखला में पहले दिन प्रात:कालीन सभा में आर्मी पब्लिक स्कूल और सांयकालीन सभा में मेनिट में अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रमों का आयोजन सोसायटी फार प्रमोशन आफ इण्डियन कलासिक्ल म्यूजिक एण्ड कल्चर स्पिकमेके द्वारा शिक्षण संस्थाओं में किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री बचन ने माँ मतांगी की वन्दना की। ओडिसा में इन्हे माँ सरस्वती का पर्याय माना जाता है। वन्दना के पश्चात नृतक ने बच्चों को ओडिसी नृत्य की विभिन्न मुद्राओं के विषय में बताया। उन्होंने स्कूल की दो छात्राएँ, जो कथक और भरतनाट्यम का प्रशिक्षण ले रहीं है के साथ मिलकर तीनों नृत्यों के अन्तर और बारिकयों को समझाया । दूसरा कार्यक्रम बद्ध नृत्य का प्रदर्शन था, जो ओडिसी नृत्य का एक प्रकार है। इस नृत्य में कोर्णाक के मंदिर की दीवालों पर बनी नृत्य प्रतिमाओं में दर्शाई गई मुद्राओं को बताया गया। इसके पश्चात उन्होंने 50 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को ओडिसी नृत्य के पग संचालन का अभ्यास कराया। अंतिम नृत्य प्रस्तुति त्रावणकोर के महाराजा स्वाति तिरूमाल की रचना पर दी, रचना के बोल थे चलो मन तुम काशी द्य इसमें शिवस्तुति का प्रदर्शन किया गया। अंत में छात्र-छात्राओं ने श्री बचन से उनकी नृत्य विधा को लेकर सवाल किए । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती चेलापति थी, उन्होंने श्री बचन को संस्था की ओर से सम्मानित किया और स्मृति चिह्न भेट किया।

वहीं मेनिट में आयोजित सायंकालीन सभा में श्री बचन ने राग भेरवी में पल्लवी नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य में कोणार्क मंदिर में उकेरी गई मूर्तियों की भंगिमाओ को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री बचन ने पालना झुलाबे यशोदा हरि पड़ पर नृत्य प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि श्री बचन देश की वरिष्ठ ओडिसी गुरू सुश्री रंजना गौहर के शिष्य हैं। उन्हें ओडिसी नृत्य इतना भाया कि वे इंजीनियरिंग के अंतिम साल में पढ़ाई छोड़कर नृत्य से जुड़ गए।

## लक्ष्मी दिव्या ने जापान में शोध पत्र प्रस्तुत किया



**भोपाल देशबन्धु।** बिट्स पिलानी की शोधकर्ता भोपाल निवासी लक्ष्मी दिव्या छिब्बर ने जापान में आयोजित 28 वीं एडवांस इंफार्मेशन नेटवर्किंग एंड एप्लीकेशन 2024 की अंतर्राष्ट्रीय कार्फ्रेंस में विभिन्न देशों के शोधकर्ताओं के बीच अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। सुश्री लक्ष्मी का शोधपत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में श्री प्रकाशित हुआ। अधिवक्ता जीके छिब्बर और श्रीमती सुनीता छिब्बर की पुत्री लक्ष्मी दिव्या की इस उपलब्धि पर उनके परिचितों व मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।

### पंचायती राज दिवस पर टीआरआई ने किया स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर विमर्श

# पंचायत को मजबूत किए बिना ग्रामीण विकास संभव नही: डॉ. मिश्रा

## सीएसओ, प्रशासन और पंचायत के मेलजोल की रणनीति बनाने पर बनी सहमति

**भोपाल, देशबन्धु।** लोकल गवर्नेंस विशेषज्ञ और नेशनल इंस्टीट्यूट आफ गवर्नेंस एंड अर्बन मैनेजमेंट के डायरेक्टर प्रो. डॉ एच एम मिश्रा ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता में सबसे नीचे है, जबकि यह ग्रामीण स्तर पर विकास में सबसे अधिक प्रभावी हो सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन ने भ्रष्टाचार को पंचायत स्तर पर विकेंद्रीकृत कर दिया है।

डॉ मिश्रा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) द्वारा अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। उन्होंने पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश के लिए वर्तमान अवसर और आगे की रूपरेखा विषय पर बोलते हुए कहा कि पंचायत को मजबूत किए बिना ग्रामीण विकास संभव नहीं है।

डिबेट संस्था के निदेशक अमिताभ सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर पर आम नागरिकों की भागीदारी और पंचायतों को मजबूत करने की दिशा में सीएसओ की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन अफसोस है कि हम इसे ठीक से लागू नहीं कर सके हैं। पंचायतों को जो अधिकार कानून ने दिए हैं, उन्हें उनका ज्ञान है, लेकिन उच्च स्तर पर और प्रशासनिक तंत्र अपनी भूमिका को सीमित नहीं करना चाहता है। प्रशासन की भूमिका पंचायत स्तर पर सहयोगी की है, लेकिन वह सारी योजनाओं को अपने मुताबिक संचालित करता है, इससे काफी गलतफहमी पैदा होती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में आज भी लोग सवाल पूछते हैं और पंचायतों के स्तर पर अधिकार देने से ही यह संभव हो सका है। सवाल पूछ रहे नागरिक ही पंचायत स्तर पर विकास को आगे ले जा सकते हैं।

कार्यक्रम में सेवानिवृत आईएएस पीपी सोती ने कहा कि निचले स्तर पर सरकारों की मंशा को ही लागू किया जाता है। इसे कोई भी नाम दे दिया जाए, लेकिन यदि उच्च स्तर पर प्रबंधन और नीयत ठीक नहीं है, तो फिर निचले स्तर पर इसे लागू करना काफी कठिन होता है। पंचायती राज की खूबियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक जमाने में मध्यप्रदेश में महज 20 हजार पेंशन मिलती थीं, जो आज बढ़कर साढ़े 3 लाख से अधिक हो गई हैं, और यह पंचायत स्तर पर अधिकारों को बढ़ाने से ही संभव हो सका है।

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) की सहायक प्रोफेसर अपर्णा सोनी ने अपने पीपीटी प्रजेंटेशन के जरिये पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और साथ ही उन्होंने सीहोर की बिलकिसगंज पंचायत के विकास प्लान में आए बदलावों के जरिये बताया कि पंचायती राज में हर तरह के विकास की संभावना है, लेकिन उसे पहले से तैयार करना होगा और लंबी रणनीति के तहत काम करने की जरूरत पर बल दिया।

पंचायती राज दिवस पर आयोजित इस परामर्श आयोजन में टीआरआई के कुमार संजय ने सीएसओ, प्रशासन और पंचायती राज संस्थाओं के मेलजोल से विकास की अवधारणा का खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है और सभी अपने अपने तरह के प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन यदि यह प्रयास मिलजुलकर और दीर्घकालीन रणनीति के तहत किए जाते हैं, तो इनका असर जल्द ही दिखाई देगा। उन्होंने टीआरआई के प्रशासन और अन्य सीएसओ के साथ मिलकर किए गए प्रयासों के उदाहरणों से बताया कि वर्तमान में आठ से अधिक ब्लॉक में पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास को पंचायतों ने काफी बेहतर ढंग से लागू किया है।

कार्यक्रम के अंत में सभी विशेषज्ञों के सुझावों और आगामी कार्ययोजनाओं को साझा करते हुए टीआईआई की ईशा शांडिल्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस और प्रतिष्ठित स्थानीय प्रशासन (एलजी) विशेषज्ञों, संबंधित सीएसओ और समान विचारधारा वाले संस्थानों के विशिष्ट विशेषज्ञों समेत पत्रकार, लेखक, प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्री आदि मौजूद थे। इस दौरान प्रदेश में पीआरआई की मौजूदा स्थिति और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान राज्य में पीआरआई को मजबूत करने की वर्तमान परिचालन रूपरेखा और केंद्र (एमओपीआर और अन्य संबंधित विभाग) द्वारा बनाए गए आदेश/प्रावधान पर चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) का प्रावधान और रूपरेखा और राज्य में ओएसआर जीपी बनाने के अवसर के साथ सत्र के दौरान एक लघु वीडियो प्रदर्शित की गई।

**पश्चिम मध्य रेल**

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 25.04.2024**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मेन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 24-25-N-01-09, Date 19.04.2024. **Name of work including Location:** बीना रेल्वे स्टेशन वॉटर फिल्टरेशन प्लान्ट स्थित फिल्टर बेडस में फिल्टर मिडिया सप्लाई, रिमुवल तथा रिफिलींग का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 9,10,777/-. **Earnest Money:** ₹ 18,200/-. **Completion Period:** 2 माह। **Last date for submitting tender:** 10.05.2024. **NIT No.:** 24-25-N-02-10, Date 19.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना के सेक्शन में रुठियाई, गुना, शहाडोरागाव, अशोकनगर, पिपराईगाव, गुनेरु बामोरी, मुंगावली तथा अन्य लोकेशन्स पर स्थित स्टाफ क्वार्टर्स के दरवाजे, खिड़किया, फेन्सिंग गेट आदि के मरम्मत का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 30,42,086/-. **Earnest Money:** ₹ 60,900/-. **Completion Period:** 4 माह। **Last date for submitting tender:** 13.05.2024. **NIT No.:** 24-25-HQ-05-11, Date 23.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/कार्य/भोपाल के अधीन रानी कमलापति में टाइप V आवास तथा नर्मदा ऑफीसर्स रेस्ट हाउस सुविधाओं में सुधार। **Published cost of tender:** ₹ 2,79,95,007/-. **Earnest Money:** ₹ 2,90,000/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024. **NIT No.:** 24-25-HQ-06-12, Date 23.04.2024. **Name of work including Location:** हबीबगंज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कैंपस में 2 युनिट तथा आरपी कॉलोनी में एक युनिट 20 केएलडी वेस्ट/सीवेज सोलर एनेबल ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रदाय, परिनिर्माण, टेस्टींग तथा कमिशनिंग। **Published cost of tender:** ₹ 64,54,800/-. **Earnest Money:** ₹ 1,29,100/-. **Completion Period:** 6 माह। **Last date for submitting tender:** 15.05.2024. **NIT No.:** 24-25-N-03-13, Date 24.04.2024. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना के सेक्शन में रुठियाई, गुना, शहाडोरागाव, अशोकनगर, पिपराईगाव, गुनेरु बामोरी, मुंगावली तथा अन्य विविध लोकेशन पर स्थित आवासों के रुफ लिकेज, प्लास्टरींग तथा फ्लोअरिंग के भारी मरम्मत का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 70,90,057/-. **Earnest Money:** ₹ 1,41,800/-. **Completion Period:** 8 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024. **NIT No.:** 24-25-S-02-14, Date 24.04.2024. **Name of work including Location:** एनपीपीजीसीएल द्वारा बीड स्टेशन पर स्थित निजी जमिन पर सेवित प्लान्ट पर नये जीसीटी (पीएसएसएस जीसीटी - फेज - II) के सम्बन्ध में सिविल कार्यो का प्रावधान (डिपॉजीट सैसीस)। **Published cost of tender:** ₹ 6,54,34,002/-. **Earnest Money:** ₹ 4,77,200/-. **Completion Period:** 12 माह। **Last date for submitting tender:** 17.05.2024.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं।

एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है।

प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।' इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि 'अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे।' उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि 'कांग्रेस की नज़र आपकी सम्पत्ति पर है।' बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया- बावजूद इसके कि उनके खिलाफ़ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने 'मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर 'मुस्लिम लीग की छाप' बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे।

ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विरासत टैक्स के नाम से जनता की सम्पत्ति लूट लेगी। स्वयं पित्रोदा ने इसका खंडन किया व अपने बयान को सही रूप में व्याख्यायित कर मोदी के छल को बेनकाब किया है। कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत की है। मोदी के लिये वैसे इससे बड़ा संकट कोई हो नहीं सकता क्योंकि उनके सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं और कांग्रेस व विपक्ष उनकी गलतबयानी व असत्य का लगातार पर्दाफाश कर रहा है। इसका असर न सिर्फ मोदी बल्कि सभी भाजपा नेताओं की सभाओं में लोगों की घटती संख्या के रूप में दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबन्धन की सभाओं में खचाखच भीड़ है।

मोदी व भाजपा की दिक्कतों को इस मायनों में दोहरा होता हुआ कहा जा सकता है कि एक ओर तो कांग्रेस का न्याय पत्र जनता में लगातार लोकप्रिय हो रहा है, तो वहीं इंडिया गठबन्धन टूट तो नहीं ही रहा है, सतत मजबूत हो रहा है। बेशक कहीं-कहीं उसके सामने सीटों के बंटवारे को लेकर अवरोध आ रहे हैं तथा कई कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे कठिन दौर में पार्टी भी छोड़ी है लेकिन उसका भाजपा या एनडीए को फायदा होता नहीं दिख रहा है। हां, इंडिया-कांग्रेस का कारवां जारी है! इन सभी तथ्यों को ही मोदी की बौखलाहट का कारण माना जा रहा है; और इंडिया की बढ़त का आधार भी।

# चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो : वन पार्टी और नो इलेक्शन

■ बादल सरोज

सूरत में जो हादसा हुआ है वह किसी भी सभ्य समाज और परिपक्व लोकतंत्र पर एक बदसूरत धब्बा है। जैसा कि अब तक लगभग सब जान चुके हैं कि इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव अधिकारी, जो आम तौर से कलेक्टर होता है, ने 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। यह काम जिस तरह से किया गया है वह इंडिया दैट इज भारत में जनादेश की चोरी से शुरू हुई यात्रा के लोकतंत्र के अपहरण से होते हुए मताधिकार की लूट की खतरनाक स्थिति पहुंच जाने के संकेत देता है।

यह दोहराने में हर्ज नहीं है कि जैसा सूरत में हुआ वैसे निर्विरोध निर्वाचन के लिए जरूरी होता है कि सिर्फ एक प्रत्याशी बचे-उसके सामने कोई न हो। अब ऐसा अपने आप तो होने से रहा। लिहाजा सबसे पहले तो उनके विरुद्ध इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार, कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी और उनके डमी उम्मीदवार सुरेश पाडसाला का नामांकन रद्द 'करवाया' गया उसके बाद बाकी बसपा और 3 छोटी पार्टियों जिनमे सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बनी पार्टी भी शामिल थी. के उम्मीदवारों को 'बिठवाया' गया और इस तरह भाजपा के मुकेश भाई दलाल को 'जितवाया' गया ।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद कह दिया कि 'निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव मैदान से हटाने के लिए प्रयत्न किये थे। अब यह कैसे हुआ होगा इसका पक्का अनुमान लगाने के लिए राकेट साईंस का ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं है । दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश के लिए यह सचमुच अशुभ और अशोभनीय दोनों है। इससे पहले, इसी तरह का काम दूसरे तरीके से मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट, जहां से भाजपा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पर किया गया। यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन पत्र भी खारिज करवा दिया गया ।इसका आधार प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षर न किया जाना बताया गया - जबकि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नामांकन फॉर्म को अधूरा भरा होने की वजह से रद्द नहीं किया जा सकता। साफ़ प्रावधान है कि यदि प्रत्याशी से कोई जगह भरने से छूट जाती है तो उसका सुधार कराने की जिम्मेदारी स्वयं निर्वाचन अधिकारी की है। निर्वाचन कार्यालय में ठीक इसी काम के लिए दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी तैनात रहते हैं। मगर जब सैयां ही कोतवाल हैं, सैयां ही सीएम और पीएम हैं, उन्हीं के हुकूमबरदार चुनाव आयोग में हैं तो काहे के निर्देश, कैसे क़ानून!!

सूरत काण्ड ने नोटा- इनमें से कोई नहीं- के स्वांग की भी कलई उतार दी है। सैद्धांतिक रूप से यदि एक के अलावा दूसरा उम्मीदवार नहीं था तब भी नोटा ने तो नाम वापस नहीं लिया था, उन्हें तो इस कथित रूप से निर्विरोध चुने गए दलाल को अस्वीकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए था । केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था।

पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था। इसीलिए यह सिर्फ सूरत भर की बात नहीं है। भारतीय प्रायद्वीप के नामचीन शायर रघुपति सहाय फ़िराक़ गोरखपुरी साहब ने एक शेर में कहा है कि ;

जिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत का
इबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं।

इस तर्ज पर कहें तो सूरत में जो हुआ वह इस देश के लोकतंत्र की आज की जो सीरत है उसका उदाहरण है । पिछले 10 वर्षों से इस देश में संविधान और संविधान सम्मत संस्थाओं के साथ जो हो रहा है उसका भयावह और विद्रूप संस्करण हैं । यह कॉरपोरेटी हिन्दुत्व द्वारा मोदी राज की दो पंचवर्षीय अवधि में तैयार किया गया आगामी भारत का सांचा है। अगर इनकी चली और इसी तरह चली तो चंडीगढ़ से बरास्ते खजुराहो सूरत तक पहुंचना, आने वाले दिनों की सीरत की बानगी भी है। यह इन 10 वर्षों में जिन कारपोरेट घरानों के लिए छप्परफाड़ मुनाफे कमवाये गए हैं उनकी छीजन के सहारे तंत्र पर कब्जा करके लोक से अपना जन प्रतिनिधि चुनने के जनता के मूलभूत अधिकार का अपहरण है। अब तक जनादेश चुराने, चुनी चुनाई सरकारों को अगवा कर भगवा बनाने, सांसदों, विधायकों, गुटों. समूहों, दलों को ईडी, सीबीआई से डरा कर, लालच प्रलोभन से लुभाकर खरीदे जाने की कार्यनीति अपनाई जा रही थी- अब उस आड़ को भी छोड़ दिया गया है; थैलियों और नौकरशाहों की दम पर सीधे सांसदी ही अपहृत की जा रही है। लूट की हिस्सेदारी में वसूली गई अकूत कमाई और उसकी तलछट के एक रूप इलेक्टोरल बांड में इकट्ठा किया हजारों करोड़ रुपया इसी तरह के दलदल पैदा कर सकता है। ये दलदल भारतीय लोकतंत्र को हमेशा के लिए डुबो देने की विनाशकारी ताकत रखता है।

इस दलदल तक बहला फुसला कर लाने के सारे प्रबंध पहले ही किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग में नियुक्ति के तरीके को बदलने के पीछे का कपट सामने आ चुका है। किसी टीवी चैनल ने इस खबर के अन्दर की खबर नहीं ढूंढी, अभी तक जितने अखबार देखे हैं उनमें से किसी में भी लोकतंत्र को धर दबोच कर हलाल किये जाने के इस कारनामे पर सम्पादकीय नहीं मिला। हां, इससे उलटा जरूर हुआ है, नफ़रतियों की आईटी सैल ने इसे अबकी बार, 400 पार की यात्रा का पहला मुंडाभिषेक बताते हुए अपना श्रगाल-रोदन शुरू कर दिया है। उनमें से कुछ तो ऐसा होने की वजह से उम्मीदवारों का खर्चा बचने, कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की व्याधा से बचने और चुनाव में खर्च होने वाला सरकारी पैसा बचने का महात्म्य समझाने में जुट भी गए हैं।

चंडीगढ़ से वाया खजुराहो सूरत ने बता दिया है कि सता-संरक्षित, कॉरपोरेट आश्रित ठुल्लों और गली मुहल्लों के शोहदों के चंगुल में लोकतंत्र का पहुंचा दिया जाना ही वन नेशन वन इलेक्शन का मॉडल है और उसका असली अर्थ है वन पार्टी नो इलेक्शन। उन्हें किसी भी तरह का चुनाव नहीं चाहिए। चूंकि चुनाव 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हर भारतीय को उसकी जाति, वर्ण, नस्ल. भाषा, आदमी, औरत, गरीबी, अमीरी का फर्क किये बिना बराबर के वोट का वोट का अधिकार देता है, भले एक दिन के लिए, एक ही मामले में ही सही सबको सामान बना देता है- इसलिए चुनाव नहीं चाहिए। मोदी जिस हिंदुत्व पर आधारित राष्ट्र बनाना चाहते हैं उस भूतिया तहखाने के आर्कीटेक्ट राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का साफ़-साफ़ मानना है कि लोकतंत्र मुंड गणना है जिसमें सबके मत बराबर होते हैं, इसे समाप्त कर इसके स्थान पर 'कुछ विशिष्ट और योग्य लोगों' द्वारा शासन चलाने की प्राचीन महान प्रणाली की बहाली की जानी चाहिए। यह महान प्रणाली क्या है, इसे भी उन्होंने कभी नहीं छुपाया है; इसका नाम है मनुस्मृति!! संघ के विचारकों के मुताबिक़ पंचायतों के लिए होने वाले चुनावों के चलते भारत के गांवों की वह महान और सनातन एकता बिखर गई है जिसमे गांव का 'सम्माननीय और बड़ा आदमी' जो कहता था उसे पूरा गांव मान लिया करता था। मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने गुजरात में इसी दिशा में कदम बढ़ाया और पंचायतों में चुनाव को हतोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रोत्साहन योजना शुरू की जिसमें सर्वानुमति से निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों के लिये विशेष आर्थिक पैकेज और अतिरिक्त नकद राशि दिए जाने के प्रावधान किये गए। बाद में मध्यप्रदेश सहित अनेक संघ नियंत्रित भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू कर दिया गया। भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है।

इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।

> **भारतीय सामाजिक ढांचे में गांवों में किनके नाम पर सर्वानुमति बनेगी इसे समझा जा सकता है। चंडीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो इसी फार्मूले को संसद और विधानसभाओं तक ले जाने का धतकरम है। इससे पहले कि देर हो जाए, देश की लोकतंत्र हिमायती अवाम, संगठनों, दलों, व्यक्तियों को सूरत से बजे अलार्म की आवाज से खुद भी जागना होगा, बाकियों को भी जगाना होगा।**

# निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

■ डॉ. अभय शुक्ला

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती।

गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीज़ों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है।

पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण

भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं - न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हज़ारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।

बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिज़ेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीज़ेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और ज़रूरत से ज़्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं: प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार; चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकार; दूसरी राय लेने का अधिकार; पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकार; गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकार; और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिकारिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमज़ोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, रोगियों की निजी अस्पतालों से सम्बंधित गंभीर शिकायतों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मेडिकल काउंसिल जैसे मौजूदा तंत्र की विफलता को देखते हुए ज़रूरी है कि जिला स्तरीय उपयोगकर्ता-अनुकूल शिकायत निवारण प्रणाली शुरू हो, जिसकी निगरानी विविध हितधारकों द्वारा हो।

जन स्वास्थ्य अभियान के घोषणापत्र में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लगाम कसने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा से सम्बंधित कुछ उपायों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से व्यावसायिक निजी मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों से अधिक न हो। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार व्यावसायिक निजी संस्थानों की बजाय सरकारी कॉलेजों पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वतंत्र, बहु-हितधारक समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। इस निकाय की आलोचना होती रही है कि इसमें विविध हितधारकों के प्रतिनिधित्व का अभाव है, निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत है और चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावसायिक बनाने का रुझान है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पुनर्गठन की भी आवश्यकता है। वर्तमान स्वरूप में यह परीक्षा कमज़ोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए घाटे का सौदा प्रतीत हो रही है और राज्यों से स्वयं की मेडिकल प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित करने की स्वायत्तता छीन रही है।

जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है। थाईलैंड के स्वास्थ्य सेवा तंत्र जैसे सफल मॉडलों का उदाहरण लेते हुए, भारत में भी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक अधिकार-आधारित पहुंच प्रदान की जानी चाहिए।

आज, सभी राजनीतिक दलों को इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जबकि एक नागरिक होने की हैसियत से हमें दृढ़तापूर्वक इनकी मांग करनी चाहिए। भारत में 2024 का विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का यही सबसे उपयुक्त तरीका होगा।

> **जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और ज़रूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है।**

## पावन प्रसंग

# अज्ञान से मुक्ति ही मोक्ष है

मोक्ष प्राप्ति को जीवन का परम लक्ष्य माना गया है। मोक्ष को ही विभिन्न दर्शनों व शास्त्रों में कैवल्य, अपवर्ग, मुक्ति, निर्वाण. स्वरूपस्थिति, स्थितप्रज्ञता, स्वोपलाब्धि, परमपद व नि:श्रेयस आदि कहा गया है। मोक्ष आखिर है क्या? मोक्ष का अभिप्राय क्या है? मोक्ष को जीवन का परम लक्ष्य क्यों कहा गया है?

वस्तुत: मोक्ष का आशय मुक्ति से है, पर प्रश्न यह उठता है कि किसकी मुक्ति और किससे मुक्ति? और मुक्ति क्यों और कैसे? दरअसल मुक्ति शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के 'मुच' धातु से हुई है। मुच धातु का प्रयोग छूटने के अर्थ में किया जाता है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति का आशय छूटने से है। जीव का जन्म और मरण के बंधन से छूट जाना ही मोक्ष है। मोह का क्षय होना या छूट जाना ही मोक्ष है। यहां पर मुक्ति (मोक्ष) का अर्थ जीवात्मा का समस्त दुखों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप में स्थित होने से किया गया है। सभी प्रकार के दुखों, क्लेशों तथा बंधनों से छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप, वास्तविक स्वरूप में जाती है।

जीवात्मा के इसी वास्तविक स्वरूप में स्थिति को ऋषिवर पतंजलि ने योगसूत्र 1.3 में कहा है -तदा द्रष्टु: स्वरूपेअवस्थानम। अर्थात जब चित्त की वृत्तियों का निरोध हो जाता है, उस समय द्रष्टा (आत्मा) अपने स्वरूप में स्थित हो जाती है अर्थात वह मोक्ष,मुक्ति अथवा कैवल्य अवस्था को प्राप्त हो जाता है। इस अवस्था में जीव आत्मा से ही प्रेम करता है, आत्मा से ही खेलता है, आत्मक्रीड़ा करता है। आत्मा में ही आसक्त रहता है और आत्मा में ही परमानंद को प्राप्त करता है। उपनिषदों के अनुसार अविद्या (अज्ञान) ही बंधन का कारण है। अविद्या के कारण ही अहंकार उत्पन्न होता है और यह अहंकार ही जीव को बंधनग्रस्त कर देता है। बंधन की अवस्था में जीव को ब्रह्म, आत्मा व जगत के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं रहता फलस्वरूप जीव इंद्रिय, मन, बुद्धि अथवा शरीर से तादात्म्य करने लगता है। आत्मा-शरीर, इंद्रिय और मन से भिन्न है परंतु अज्ञान के कारण जीवात्मा स्वयं को शरीर, इंद्रिय व मन से भिन्न नहीं समझती। इसके विपरीत वह शरीर, इंद्रिय और मन को वह तादात्म्यता हासिल कर लेती है। इसे ही बंधन कहते हैं। बंधन को उपनिषद में ग्रंथि भी कहा कहा गया है। ग्रंथि का अर्थ है- बंध जाना।

मुंडक उपनिषद में अविद्या को ग्रंथि कहा गया है, जिसे खोलने पर ही आत्मा का दर्शन संभव है। बंधन की अवस्था में मानव मन में गलत धारणाएं बनने लगती हैं। इसलिए बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त, अविद्याग्रस्त व्यक्ति अनात्मकत्व को आत्मा समझने लगता है। क्षणिक वस्तु को स्थायी समझने लगता है। अप्रिय वस्तु को प्रिय समझने लगता है और उसके अनुरूप कर्म करने लगता है और दुखों की दलदल में धंसता जाता है। जैसे नीले रंग का चश्मा पहन लेने से व्यक्ति को सारा संसार ही नीला दिखाई देने लगता है वैसे ही बंधनग्रस्त, अज्ञानग्रस्त व्यक्ति को दुख-सुख प्रतीत होता है, अर्थात अवास्तविक ही वास्तविक प्रतीत होता है पर जब वह नीले रंग का चश्मा उतार लेता है और किसी पारदर्शी जश्मे से इस दुनिया को देखता है तो उसे यह दुनिया अपने वास्तविक रूप में दिखाई पड़ने लगती है।

बंधन की अवस्था में आत्मा को सांसारिक दुखों के अधीन रहना पड़ता है। बंधन की अवस्था में जीवात्मा को निरंतर जन्म ग्रहण करना पड़ता है। इस प्रकार जीवन के दुखों को सहना तथा बार-बार जन्म ग्रहण करना ही बंधन है और इस बंधन का अंत ही मोक्ष है। इस बंधन से मुक्त हो जाना ही मुक्ति है। मोक्ष दुख के पूर्ण निरोध की अवस्था है। मोक्ष को अपवर्ग भी कहा गया है। अपवर्ग का अर्थ ही है शरीर और इंद्रियों के बंधन से आत्मा का मुक्त हो जाना। मोक्ष की अवस्था में जीव अपने यथार्थस्वरूप को पहचान लेता है तथा ब्रह्म के साथ उसकी तादात्म्यता हो जाती है। इस प्रकार मोक्ष अथवा मुक्ति ब्रह्मात्मैक्य बोध है अर्थात ब्रह्म और आत्मा की एकता का, अभिन्नता का ज्ञान अथवा बोध ही मोक्ष है, मुक्ति है, कैवल्य है, निर्वाण है, स्वरूपस्थिति है, स्वोपलब्धि है। ब्रह्म और आत्मा के अभेद का ज्ञान ही भवबंधन से मुक्त होने का कारण है, जिसके द्वारा जीवात्मा अद्वितीय, आनंदस्वरूप ब्रह्मपद, परमपद को प्राप्त कर लेता है। ब्रह्म और आत्मा की अभिन्नता का बोध हो जाने पर जीवात्मा को फिर जन्म-मरण रूपी संसार चक्र में नहीं पड़ना पड़ता और वह सभी प्रकार के सांसारिक दुखों व क्लेशों से मुक्त हो जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### लोकसभा चुनाव में नए समीकरण बनाए

चुनाव कोई मासी का घर नही है। मतदाताओं को रिझाने के लिए उनके कार्यो को करना पड़ता है। विकास के कार्य करने पड़ते है. वाद-विवाद और बड़लतें समीकरण की यह तस्वीर साफ झलक रही है कि जो दल जनता का है,जनता के कार्यो को निपटाया है और विकास की बुलंदियों को छुआ है वे जीत के हकदार है। एक फेज का चुनाव हो गया है और दूसरे फेज का चुनाव आज होना है। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपनी दुंदुभिया बजा दी है। अब देखना यह है कि पांच साल में क्या परिवर्तन आया है और विपक्ष कहां है। पिछले लोकसभा चुनाव में कोई टक्कर नहीं थी। 2014 से लोकसभा चुनाव का सारा गणित बदल कर रख दिया है। पहले नंबर पर रही भाजपा तीसरे टर्म में भी अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखते हुए जीत की भारी उम्मीद है। सतारूढ़ दल के हिसाब से इस बार का मुकाबला दो दलीय नहीं है, क्योंकि भाजपा ही 400 पार का नारा दे रही है। तमाम योजनाओं के बाद विपक्षी गठबंधन ताल ठोकने में नाकामयाब हुए हैं। सबसे बड़ा गुण कर्मठता ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की पहचान है। यह मतदान करने की पहली सीढ़ी है। इन लोगों की साफ सुथरी छवि है। ईमानदारी और ईमानदार व्यक्तित्व की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव में लोक जागरण का काम किया है। सरकार की भ्रष्टाचार विरुद्ध मुहिम से लोक जागरूकता आई है। यह पहली प्राथमिकता है। अरबों रुपए के घोटाले पिछली सरकारों में हुए है जबकि इस दस सालों में कोई भी भ्रष्टाचार का केस नहीं है। अनीति और अत्याचार के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने के बाद देश में काफी बदलाव देखने को मिला है। लोग साफ छवि वाले नेताओं को वोट देना पसंद करते हैं। अपने मनपसंद उम्मीदवार को जिताने युवा भी मैदान में है। इस बार महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विशेषकर युवतियों की उस मुहिम पर ज्यादा लगाव रहा है और मतदान भी किया है। जबकि युवतियों ने पहली बार मतदान किया है और आज से शुरू होने वाले लोकसभा के दूसरे फेज में महिलाओं के साथ युवतियां मतदान करेंगी। क्योंकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विशेष मुहिम है। चुनाव में लोक जागरण का काम जोर से हुआ है। हर दल जाति धर्म पर चुनाव जीतने की जुगत में है। देश की जनता को अपने पाले में करने के लिए नित नए प्रयोग कर रहे है। हमला करना मुख्यतया राजनीति की परिपाटी बन गई है। संदेश खाली पर हुए घटनाक्रम को ममता बनर्जी पर्दा डालना चाहती थी लेकिन सीबीआई ने न्याय दिलाने की ठान ही ली। ममता राजनीतिक खिलाड़ी हैं और पश्चिम बंगाल जब जल रहा था। उस समय ममता खेल रही थीं। कई बार अशांति की खबरें अखबारों में पढ़ने को मिलती थी।

### प्रचार प्रसार में रची-पची राजनीतिक पार्टियों के दूसरे चरण का मतदान

लोकतंत्र के पवित्र उत्सव के दूसरे फेज का चुनाव आज 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर 12 सौ उम्मीदवार उतरे हैं। इनके भाग्य का फैसला आज 26 को सुरक्षित होगा। भाजपा ने दस सालों की विकास की रूपरेखा देश के समक्ष पेश कर रही है। वहीं कांग्रेस एक-दो मुद्दे पर हमलावर है। राममंदिर की सौ करोड़ जनता आभारी है। शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन सरकार की नवयुवकों के लिए आगे बढ़ने की सौगात समझी जा रही है। कश्मीर की सुलगती आग को शांत करने की कोशिश की गई है। यह सतारूढ़ भाजपा की बड़ी उपलब्धि में से एक रही है। संरक्षण को लेकर पिछली सरकारों ने ध्यान नही दिया जिसके कारण संरक्षण विभाग को सरकार ने मजबूती देकर देशहित में काम किया है। नक्सलियों को अपनी औकात बताते हुए सरकार ने आतंकवादी और नक्सलियों की हिंसा से आहत होकर नेस्तनाबूद करने के लिये तैयार है। मशीनरियों को कड़क बनाने का काम किया है। कोरोना के दौरान वैक्सिनेशन की इस बड़ी उपलब्धि के लिए भारत का बखान दुनिया ने किया है। भारत उभरती शक्ति है। पांचवी आर्थिक शक्ति की ओर बढ़ते भारत को अमेरिका की ईर्ष्या से नेताओं के दिल खट्टे हो गए हैं। अमेरिका ही दुनिया की बड़ी शक्ति के रूप में रहना चाहता है। काशी कोरिडोर और स्पेस पर विजय पताका फहराना किसी के वश में नहीं था। दुनिया ने भारत को नजदीक से निहारा है। जीरो बम्ब ब्लास्ट कश्मीर में शांति स्थापित कर पाकिस्तान को बता दिया कि भारत किसी से कम नहीं है। रेलवे में सौ प्रतिशत बिजलीकरण और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत ने दूसरा दर्जा प्राप्त कर लिया है। हर घर नल योजना और आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमा योजना ही नहीं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए चारधाम योजना की विषय पर योजनाओं का लाभ जनता उठा रही है। विपक्ष ने हर समय सतारूढ़ सरकार पर हमला बोलकर कहा है कि सतारूढ़ सरकार देश बेचने निकली है। मतदाता ही निर्णय कर सकते हैं। सुरक्षित जीवन और बच्चों के भविष्य की चिंता हर माता-पिता को होती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### परशुराम जयंती को लेकर हुई बैठक

**सारनी, देशबन्धु।** पुलिस लाइन स्थीर हनुमान मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण समाज की बैठक संपर्क हुई इस बैठक में अक्षय तृतीया 10 मई को भगवान परशुराम जन्म उत्सव मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सारणी ब्राह्मण समाज के माध्यम से भगवान परशुराम जन्म उत्सव अक्षय तृतीया के रूप में भी मानने का कार्य करते समाज के लोगों के माध्यम से रूपरेखा बनाई जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे और सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की जयंती वाले दिन सुबह भगवान परशुराम का अभिषेक सुंदरकांड का पाठ और तत्पश्चात भोजन प्रसादी की जाएगी। बैठक में दीपक तिवारी, अनिल शर्मा,प्रवीण पचोली, श्रीकांत दुबे,पंकज उपाध्याय, डी एन दुबे, स्वदेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट रहा माडल स्कूल का परीक्षा परिणाम

**हरदा, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिनमें मॉडल पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।कक्षा पांचवी में आराध्या बाके 90.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, शिवानी सोलंकी 88.7 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं हितेंद्र सिंह चौहान 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 वीं के कुल 32 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा आठवीं में महक पटेल 92.3 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, आनंदी गौर 91.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं पलक ठाकुर 88.5प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही ।कक्षा 8वीं के सभी 30 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।कक्षा दसवीं की माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में स्नेहा पाल ने 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम ,पलक गौर ने 83.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं सिमरन मौर्य ने 82.6 अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं कॉमर्स में चाहत राठौर 88.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, तमन्ना राठौर 87.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं पलक शर्मा 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही । विद्यालय के संचालक एन पी शर्मा , प्राचार्य त्रिलोक शर्मा, शिक्षिका प्रीति शर्मा एवं शिल्पा चैनानी ने उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों को उनकी सफलता हेतु बधाई दी।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष सिंह का निधन



**सारनी, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह का निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में अपने गृह निवास उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले के ग्राम बगही में रह रहे थे। उनका स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए वाराणसी ले गए जहां उन्होंने अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार गाजिपुर में हुआ। विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिह ने शोक जताते हुए कहा कि कोयलाचल क्षेत्र पाथाखेड़ा, सारनी, शोभापुर में उनका भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से स्नेह से उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने मे अहम भूमिका निभाई। पीजे शर्मा,श्याम मदान, जगन्नाथ डेहरिया, कमलेश सिह,किशोर बरदे,दशरथ सिह जाट, सुधा चन्द्रा,नागेन्द्र निगम,किशोर महोबे, प्रकाश शिवहरे,भीम बहादूर थापा,ददन सिह राणा, जीपी सिह उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

मार्च से चलाया जा रहा सतत जागरूक अभियान

# दुकानों में मिली अमानक पॉलीथीन, नपा की टीम ने किया जुर्माना





**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। नगर पालिका की टीम ने बुधवार को अमानक पालीथीन का उपयोग करते पाए जाने पर दुकानदारों पर जुर्माना किया। अमानक पालीथीन जब्त किए गए। नगर पालिका के स्वच्छ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर केके भावसार ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मेरा शहर मेरी पहचान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम के निर्देशन में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध मार्च माह से सतत जागरूक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ही नपा की टीम ने बाजारों में जांच की तो अमानक स्तर के पालीथीन में सामग्री बेचते दुकानदार मिले।

इन पर चलानी कार्रवाई कर 18 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें साप्ताहिक बाजारों दुकानों एवं नागरिकों को प्लास्टिक की डांडिया,प्लास्टिक स्टीकर,थर्माकोल, प्लास्टिक की प्लेट, कटोरी, चम्मच, प्लास्टिक के झंडे,प्लास्टिक के स्ट्रॉ,एवं पी.वी.सी.बैनर के उपयोग करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में नागरिकों एवं व्यापारी दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान 2024 जून माह तक निरंतर चलाया जाएगा जिसमें नागरिक को, व्यापारियों, दुकानदारों,साप्ताहिक बाजार, फल मार्केट, मटन मार्केट इत्यादि में निगरानी दलों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन दुकानदार द्वारा देते पाए जाने पर या दुकानों पर रखने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका की सहयोगी संस्था कल्पतरु ग्रामोद्योग समिति भोपाल के सदस्यों द्वारा भी नागरिकों को कपड़े से बने बेग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बाजारों में खुले में मांस, मछली अंडे बेचने वालो पर भी सतत कार्यवाही की जा रही है।

# दूल्हा-दुल्हन ने दांपत्य जीवन के वचनों के साथ लिया मतदान का भी वचन



**बैतूल, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर परिषद बैतूल बाजार में निर्वाचन संबंधी विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी के तहत गुरुवार को चुनाव का पर्व देश का गर्व, मेरा पहला वोट देश के लिए की थीम पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर परिषद बैतूल बाजार में विभिन्न स्थानों पर मतदाताओं को जागरूक करने, शादी के महोत्सवों के साथ मतदान के महत्व को बताकर शादी के वचनों के साथ मतदान का भी वचन लिया और आने वाली 7 मई को मतदान किये जाने हेतु प्रेरित किया। लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर परिषद बैतूल बाजार सीएमओ विजय तिवारी द्वारा भी लोगों को मतदान करने की अपील की गई।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जानी मतदान की प्रक्रिया




**हरदा, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत गुरूवार को हरदा शहर के मॉडल हायर सेकण्ड्री स्कूल में विद्यार्थियों के लिये मतदान आयोजित कर उन्हें मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं मतदान कर मतदान की प्रक्रिया जानी। इसके अलावा शासकीय कन्या हायर सेकण्ड्री स्कूल में नारे लेखन प्रतियोगिता, रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान की शपथ दिलाई गई। तक्षशिक्षा एकेडेमी स्कूल में छात्रों ने नारे लेखन के माध्यम से मतदान के लिये प्रेरित किया। इसी तरह हरदा शहर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपस्थित महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

# 10वीं में 85 प्रतिशत अंक लाने पर छात्रा का किया सम्मान

- डॉक्टर बनना चाहती है प्रीति, ग्राम भारती संस्था करेगी सहयोग



**सारनी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पाथाखेड़ा की छात्रा प्रीति ठाकुर के कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत अंक आने पर उसका सम्मान किया गया। उसने 500 में से 426 अंक हासिल कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। वह ग्राम भारती परिवार में कार्यरत राजकुमार ठाकुर की पुत्री है। इस सफलता का श्रेय प्रीति ने अपनी मां रासमनी और पिता राजकुमार ठाकुर को देते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने उसका खूब मनोबल बढ़ाया। प्रीति ने बताया की वह आगे जाकर डॉक्टर बनना चाहती है।

प्रीति के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ग्राम भारती महिला मंडल परिवार ने सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने कहा कि बेटियां वर्तमान समय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। बेटी पढ़ेगी, तभी तो आगे बढ़ेगी और वह अपने कुल का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्गीय परिवार में रहने के बाद 85 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। निश्चित तौर से आगे की पढ़ाई में संस्था के माध्यम से भी उन्हें हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की पढ़ाई जटिल है लेकिन विद्यार्थी पढ़ने में तेज है और उसकी उज्जवल भविष्य को देखते हुए एमबीबीएस की पढ़ाई में जो मार्गदर्शन देने का कार्य होगा वह संस्था के माध्यम से किया जाएगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम भारती महिला मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### टीआरएस स्कूल की खुशब ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए





**सारनी, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का ठाकुर रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल बगडोना का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। प्रसिद्ध शिक्षाविद् के.बी.सिंह के मार्गदर्शन में संचालित टीआरएस स्कूल में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। आठ विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें राजकुमार जायसवाल की पुत्री खुशबू जायसवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। मनोहर सिंह की पुत्री मयंकिता सिंह ने 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा छोटेलाल की पुत्री संध्या ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 61 प्रतिशत रहा। सात विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कॉमर्स संकाय में दिलीप राय के मेधावी पुत्र पलक राय ने 78.08 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। इसी संकाय में सुमर लाल चौहान के मेधावी पुत्र अनुरति चौहान ने 75.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# मतदान के लिए रैली और मानव श्रृंखला से किया जागरूक

**सारनी, देशबन्धु।** मतदान के लिए सारनी में रैली निकालकर एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया। निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य अधिकारी सी. के.मेश्राम एवं मतदाता जागरूकता अभियान सारनी के नोडल अधिकारी कमलेश पटेल के माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के मैदानी संचालक निराकार सागर ने बताया कि क्षेत्र के मतदाताओं से सत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नगर पालिका चौक से शॉपिंग सेंटर, बाबा साहब अंबेडकर चौक तक सैकड़ो की संख्या में रैली निकाली गई और जय स्तंभ चौक में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया 7 मई को नगर पालिका परिषद सारनी में सत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नगर पालिका के सहायक नोडल अधिकारी रंजीत डोंगरे युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गुरुवार रैली में आंगनबाड़ी अधिकारी संगीता धुर्वे और सुपरवाइजर रश्मि अकोदिया अन्य आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायक कर्मचारी और नगर पालिका के कर्मचारी कीर्ति नायक, कामदेव सोनी,राकेश डोंगरे एवं बुधराम महोबे आदि उपस्थित थे।




# मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 में से एक दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**रायसेन,देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में संसदीय क्षेत्र-17 होशंगाबाद में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 308 मतदान केन्द्रों पर 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

# श्रद्धा से ज्ञान और ज्ञान से चरित्र की प्राप्ति होती है: आचार्यश्री



**ग्वालियर, देशबन्धु।** जब तक श्रद्धा नहीं हैं, तब तक सब व्यर्थ है, श्रद्धा से परम तत्व प्राप्त होता है। श्रद्धा से ज्ञान और ज्ञान से चरित्र की प्राप्ति होती है। मोक्ष मार्ग की प्रथम सीढ़ी श्रद्धा ही है, कोई कितना ही बड़ा त्यागी, महात्मा हो, अगर श्रद्धा नहीं है तो सब कुछ करने से भी कुछ नहीं होता। जो धैर्य रखता है, वह ही मोक्ष मार्ग पर चलता है, भटकता हुआ जीव सच्चे मार्ग को नहीं खोज पाता। संशय की स्थिति मनुष्य को जीवन में भटका रही है। श्रद्धा के बिना सबकुछ अधूरा है। सर्वप्रथम श्रद्धा और समर्पण हमारे अंदर होना चाहिए। यह बात आचार्यश्री विहर्ष सागर महाराज ने नई सडक़ स्थित चंपाबाग धर्मशाला में शंका समाधान सभा में कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज और मुनिश्री विश्वहर सागर महाराज भी मौजूद थे। आचार्यश्री ने कहा कि जीव श्रृद्धा के बल पर ही संयम में दृढ़ आचरण कर सकता है। उपदेश के माध्यम से हमें संसार का स्वरूप समझना है। संसार की यह रिद्धी जीव को अनंतकाल भटकाने वाली है। इसी भव में संसार न करने का मन में खेद होना चाहिए, क्योकि ऐसा अमूल्य वितराग धर्म मिलना दुर्लभ है। इस मौके पर अनुराग जैन, बालचंद्र जैन, विनय कासलीवाल, संजीव अजमेरा, पंकज बाकलीवाल आदि उपस्थित थे।

# कन्या विद्यालय में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**ग्वालियर, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमे आज आज रेलवे कॉलोनी तानसेन नगर स्थित शा. कन्या विद्यालय में छात्राओं के साथ मानव श्रृंखला, मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित कर युवा मतदाताओं को जागरूक किया तथा मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर निगम उपायुक्त उत्तम जखेनिया सहित क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके साथ ही नोडल अधिकारी जनकल्याण पूर्वी अग्रवाल के निर्देशन में थाटीपुर क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही शहर में अन्य जगहों पर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### गंदगी फैलाने पर दुकानदारों से वसूला 4 हजार 5का जुर्माना



**ग्वालियर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जन जागरूकता अभियान के दौरान स्वच्छता बनाये रखने के साथ ही आमजनों से स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर को साफ सुथरा बनाये रखने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही त्वरित की जा रही है। जिसके तहत आज सदर बाजार मुरार में दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फैलाई जा रही थी, जिस पर निगम के स्वच्छता अमले ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 2000 रुपये का जुर्माना वसूल किया। कार्यवाही के जेडएचओ निखिल कडेरे, डब्ल्यूएचओ अनिल छात्रे, रवि मौर्य, सहायक अजीत धवल, जीतू डागोर उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में क्षेत्रीय कार्यालय 19 के अंतर्गत बाजार में दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर 2500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। जिसमें वार्ड 50 में 1750 रूपये, वार्ड 46 में 750 रूपये। कार्यवाही के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 19 में जेडएचओ पिंकल जादौ, डब्ल्यूएचओ विक्रम बागडे, रवि गोहर उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### दो दिन की कार्रवाई में करीब दो लाख की शराब एवं वाहन जब्त

**इटारसी, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन के पूर्व अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने विगत चौबीस घंटे में करीब दो लाख रुपए की मदिरा एवं वाहन की जब्त की है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल की देर रात्रि व 25 अप्रैल 24 को निर्वाचन के पूर्व विगत 24 घंटे में आबकारी उड़नदस्ता इटारसी के द्वारा मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसमें गरीबी लाइन क्षेत्र में दविश देकर आरोपी से 150 पाव देशी मदिरा प्लेन, 80 पाव विदेशी व्हिस्की कुल 41.4 बल्क लीटर मदिरा एवं नाला मोहल्ला तथा बालाजी मंदिर क्षेत्र इटारसी से 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1650 किलोग्राम लहान जब्त किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 03 प्रकरण कायम किये गये। जब्त मदिरा एवं वाहन की अनुमानित कीमत 197600 रुपए है। कार्रवाई में आबकारी उड़नदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक केके पडरिया, नीलेश पवार, आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी, धर्मेंद्र बारंगे, राजेश गौर, दुर्गेश पठारिया का सराहनीय योगदान रहा।

### सेंट पैट्रिक स्कूल कि कक्षा आठवीं की छात्रा ने बढ़ाया मान

**सोहागपुर, देशबन्धु।** नगर के सेंट पैट्रिक स्कूल के कक्षा आठवीं की छात्रा पाखी बारस्कर पिता विजय कुमार बारस्कर ने 94.8 प्रतिशत अंक लाकर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। पिता विजय कुमार भास्कर जो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में रेंजर के पद पर हैं, उन्होंने बताया उनकी बच्ची पढ़ने में बहुत तेज है, जिसके चलते उसे प्रत्येक विषय में 94 प्रतिशत के ऊपर अंक मिले हैं। मैथमेटिक्स में उसे 98 प्रतिशत ए ग्रेड वन के साथ मिले हैं, जो उनके लिए गौरव की बात है पाखी का सपना अपने पिता से भी बड़े अधिकारी बनने का है। बच्ची के इस प्रदर्शन से परिवार सहित नगर एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं खुश हैं, छात्र को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



### असफल विद्यार्थी निराश न हों और ज्यादा मेहनत करें

**छतरपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें छतरपुर जिले के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तर एवं जिले स्तर पर अव्वल स्थान हासिल करके पहचान बनाई है। कलेक्टर संदीप जीआर ने छतरपुर जिले के कक्षा 10वीं और 12वीं में सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि जो बच्चे परीक्षा में असफल हुए है वे निराश एवं हताश नही हों, प्रयास करते रहें और ज्यादा मेहनत करें। प्रयास से ही सफल होंगे। कलेक्टर ने ऐसे सभी विद्यार्थियों को भी आगे बढने और सफल होने की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई है कि वे जीवन की हर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर परिजनों के साथ-साथ जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें।

### पुरानी रंजिश में रास्ता रोककर जानलेवा हमला, 5 घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर रास्ता रोककर पड़ोस के गांव के रहने वाले दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पांचों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक रामप्रसाद यादव, खिलन यादव, रतिराम यादव, रूप सिंह यादव और 11 वर्षीय बेटी लक्ष्मी यादव छतरपुर से किसी रिश्तेदार का हालचाल जानकर वापस अपने गांव सिंहपुर जा रहे थे। पिपरिया के पास पहुंचते ही नजदीकी गांव के दबंग राजू यादव, राकेश यादव, हरदास, महेन्द्र, रोहित, नरेन्द्र व परसोदन यादव ने लाठी, डण्डा, कुल्हाड़ी, फरसा से पांचों लॉगिन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पांचों सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का कारणआरोपी पुरानी रंजिश बताई गई है। पीड़ितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ामलहरा लाया गया यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना थाने में दे दी गई है।

#### मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री लेकर दल रवाना, जीपीएस लगे वाहनों से केंद्रों पर पहुंचे मतदान दल

# लोकतंत्र का महापर्व आज... मतदाता करेंगे अभ्यर्थियों की किस्मत का फैसला



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** लोकसभा निर्वाचन - 2024 के तहत 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री लेकर मतदान दल निर्धारित सामग्री वितरण स्थल से रवाना हुए। सुबह 7 बजे से सामग्री वितरण कार्य शुरू हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह की सतत निगरानी में विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने मतदान दलों को रवाना किया। इसी के साथ सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह ने भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सामग्री वितरण स?थलों का निरीक्षण किया। सभी सामग्री वितरण स्थल पर मतदान सामग्री वितरण की सुगम व्यवस्था की गई थी। मतदान दलों को सामग्री मतदान केन्द्रवार लगाए गए टेबल पर ही उपलब्ध करवाई गई। मतदान दलों को वीवीपैट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट भी उनके टेबल पर ही पहुँचाई गई जिससे किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। केंद्रों पर मतदान दलों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई। साथ ही पेयजल, स्वल्पाहार आदि का भी प्रबंध किया गया। मतदान दल और पुलिस बल जीपीएस लगे वाहनों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह द्वारा सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण एवं सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान दल में लगे अधिकारियों तथा कर्मचारियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। लोकसभा निर्वाचन में लगभग 15000 कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी मतदान संपन्न कराएंगे। जिले के चारों विधानसभा में निर्धारित कुल 1187 मतदान केंद्रों पर 1306 मतदान दल नियोजित किए गए हैं, जिनमें 218 केंद्रों पर केवल महिला मतदान कर्मी मतदान कराएंगी। साथ ही 119 मतदान दल रिजर्व रखे गए हैं। जिले में 207 क्रिटिकल मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 1187 मतदान केंद्रों में से 607 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

### सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी मतदान प्रक्रिया

आज सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मतदान शुरू होने के डे? घंटे पहले सुबह 5ः30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5ः30 बजे मतदान केंद्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

### नियंत्रण कक्ष स्थापित

आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर अथवा जिला स्तरीय शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07574-251292 के माध्यम से शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही लिखित में जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत की जा सकती है। इसके अतिरिक्त नागरिक सी विजिल मोबाइल एप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसमें 100 मिनट के भीतर कार्यवाही करके शिकायतों का निराकरण कराया जाएगा।

### सामग्री प्राप्त करने के लिए 10-10 काउंटर स्थापित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति के पश्चात शासकीय आईटीआई नर्मदापुरम में जिले की चारों विधानसभाओं की सामग्री जमा कराने के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए 10-10 काउंटर स्थापित कर प्रत्येक काउंटर पर मास्टर ट्रेनर्स को सामग्री प्राप्त करने का दायित्व सौंपा है। जिले की विधानसभा 136-सिवनीमालवा, 137-होशंगाबाद, 138-सोहागपुर एवं 139-पिपरिया की मतदान सामग्री संबंधित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सौंपी गई टेबल पर सामग्री प्राप्त की जाएगी। इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा संबंधित काउंटर के सम्मुख लगे निर्धारित टेबल पर बैठकर ईव्हीएम, मतपत्र लेखा, पीठासीन की डायरी एवं संवीक्षा प्रपत्रों का मिलान करने का दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना ने इसके अलावा विधानसभा वार सामग्री जमा व मिलान करने में एएलएमटी की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दायित्व सौंपा गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगें। मास्टर ट्रेनर को गुरुवार 24 अप्रैल को तत्संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## पहले करेंगे मतदान, फिर करेंगे शादी के काम



- लोकसभा चुनाव में मतदान करने दुल्हनों ने दिया भरोसा
- शादी वाले परिवार के सदस्य भी मतदान करने उत्साहित

**इटारसी, देशबन्धु।** नाम पूजा शर्मा, निवास कावेरी इस्टेट। इनकी शादी 26 अप्रैल को बैतूल में है। सुबह 7:30 बजे पूरा परिवार बैतूल के लिए निकलेगा। लेकिन, इससे पूर्व सबसे पहले 7 बजे ये मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए पहुंच जाएंगे। बैतूल रवाना होने से पूर्व ये अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पिता केशव शर्मा सहित पूरा परिवार मतदान की इच्छा रखता है। परिवार ने यह भरोसा मेहरा समाज महासंघ के सदस्यों को दिलाया, जो आज मतदाता जागरुकता के लिए उनके यहां इनको अनिवार्य मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करने पहुंचे थे।

कावेरी इस्टेट में दोनों शादी वाले परिवारों को मतदान के लिए जागरुक करने मेहरा समाज महासंघ की जिला एवं तहसील इकाई के सदस्य केपी मेहरा, रोहित नागे, कमलकांत बड़गोती, सौरभ मेहरा, सौरभ सांकरिया, सचिन मेहरा, उत्कर्ष नागे, दीपक पवारिया, जगदीश जुनानिया, प्रदीप सगोरिया सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### मैं समय निकालूंगी, आप भी निकालिए



दुल्हन बनने जा रहीं पूजा शर्मा का आम मतदाताओं को संदेश है कि उनकी शादी बैतूल में है, पूरे परिवार को जाना है, समय का अभाव है, बावजूद इसके हम सभी मतदान के लिए समय निकालेंगे। शादी वाले घर में सैंकड़ों काम होने के बावजूद हम समय निकाल रहे हैं तो आम मतदाता को भी समय निकालकर अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए ताकि देश के लोकतंत्र को मजबूती मिल सके। उन्होंने सभी से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की।

**बीईओ का परिवार भी करेगा मतदान :** कल 26 अप्रैल को ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केसला श्रीमती आशा मौर्य और रामपुर पुलिस थाने में एएसआई हर्षित मौर्य की बेटी दिव्यानी का विवाह है। पुराने नेशनल हाईवे 69 पर स्थित एक मैरिज गार्डन से शादी है। आज ही पूरा परिवार वहां चला जाएगा। लेकिन, सुबह वे सबसे पहले मतदान करने वापस आएंगे, इसके बाद विवाह की सारी रस्में निभाई जाएंगी। मौर्य परिवार के मुखिया स्वयं प्रशासनिक और पुलिस सेवा में हैं तो वे मतदान का महत्व जानते हैं। बेटी दिव्यानी भी मानती हैं कि लोकतंत्र में मिले अधिकार का प्रयोग करना जरूरी है।

### दिव्यानी बोलीं, जरूर करेंगे मतदान

दुल्हन बनी दिव्यानी मौर्य ने कहा कि शादी की व्यस्तता के बावजूद हमने मतदान करने का निश्चय किया है। अपनी व्यस्तता में से भी देश के लिए और अपने अधिकारों के लिए वक्त तो निकाला जा सकता है। उन्होंने आम मतदाताओं से भी अनुरोध किया है कि इतनी व्यस्तता में भी हम मतदान करेंगे। आप भी कितनी भी व्यस्तता हो, कितनी भी मजबूरी हो, सबसे पहले मतदान करें, फिर दूसरे काम करें, ताकि हम देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दे सकें।

## रेलवे ने पूरा नहीं किया वादा, कई इंजनों में नहीं लगाए एसी, कुछ में खराब पड़े




**इटारसी, देशबन्धु।** भीषण गर्मी में जोखिम के बीच ट्रेनों का परिचालन करने वाले रेलवे के चालकों-परिचालकों की खोपड़ी अत्याधिक तापमान में गर्म हो रही है। सभी इंजनों को वातानुकूलित करने की घोषणा पूरी न करने एवं अन्य मांगों को लेकर आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने मुंडी गर्म प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

इटारसी डिपो के सैकड़ों रेल चालकों परिचालकों ने सीनियर डीईई टीआरएस सचिन शर्मा के माध्यम से भोपाल मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। एलारसा संगठन भोपाल के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में चालकों ने मांग की है कि रेलवे बोर्ड द्वारा इंजनों को वातानुकूलित बनाने का आदेश जारी किया गया है। सभी शेड के इंजनो में केबिन को वातानुकूलित किया जाए, इसके निर्देश दिए गए हैं, यदि ऐसा नहीं हुआ है तो आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल इसका प्रबंध किया जाए, अभी से दिन का तापमान 38 डिग्री पार कर रहा है, आने वाले दिनों में यह 45 डिग्री तक पहुंच जाएगा, इस वजह से इंजन का अंदरूनी तापमान 50 पार करेगा।

ऐसे विपरीत हालत में रेल चालक काफी समस्याओं के बीच रेलों का परिचालन करते हैं, जिन इंजनो में एसी नहीं लगाया है, या लगाने के बावजूद काम नहीं कर रहा है, उसे ठीक किया जाए, किसी कारणवश यदि बिना एसी के इंजन में लोको स्टाफ से काम कराना जरूरी है तो दिन में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक जिस भी गाड़ी पर लोको क्रू स्टाफ ने काम किया है, उसे 5 बजे के बाद अवकाश दिया जाए। रेलवे ने खुद माना है कि उच्च तापमान में कार्य करने से शरीर में पानी का स्तर कम हो जाता है, साथ ही स्टाफ के बीमार पड़ने का खतरा बढ़ रहा है, इससे रेलवे की संरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है।

## 80 शहरी और 18 ग्रामीण सहित 98 केन्द्रों पर होगा मतदान



**इटारसी,देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव के लिए कल शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ होगा। इटारसी के शहरी क्षेत्र में 80 एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के 18 मिलाकर कुल 98 मतदान केन्द्रों पर मतदाता अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए वोट डालेंगे।

इटारसी में 80 मतदान केन्द्रों में आदर्श मतदान केन्द्रों की संख्या कुल 15 है, इसी में शासकीय एमजीएम कालेज के वाणिज्य संकाय में एक बूथ को पिंक मतदान केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा 137 होशंगाबाद अंतर्गत 1,13,315 पुरुष मतदाता 1,10,547 महिला मतदाता 16 थर्ड जेंडर सहित 223878 कुल मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 1187 मतदान केंद्र पर मतदान होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले के लिए कुल 1187 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं जिसमें 136 सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 मतदान केंद्र, 137 होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 238, 138 सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 314, 139 पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 317 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से कोई भी एक लेकर जाएं

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नंबर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

## गर्मी में यात्रियों को ट्रेन की भीड़ से बचाएंगी ये 2 विशेष ट्रेन




**इटारसी, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद ट्रेनों में भारी भीड़ हो जाती है, ऐसे में रेलवे को अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाना पड़ता है। ऐसी दो और रेलवे ने चलाने का निर्णय लिया है।

ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे के मध्य स्पेशल ट्रेन और एलटीटी-बनारस-एलटीटी के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया-इटारसी चलाई जा रही हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या पुणे-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24. जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार को पुणे स्टेशन से 19.55 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मंगलवार को 12.05 बजे इटारसी पहुंचकर, 12.10 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन बुधवार को 04.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। 01106 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 26. जून 2024 तक प्रत्येक बुधवार को दानापुर स्टेशन से 06.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन गुरुवार को 01.40 बजे इटारसी पहुँचकर, 01.45 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 17.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 16 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड़, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### एलटीटी-बनारस-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल

01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 26 जून 2024 तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे इटारसी पहुंचकर, 00.30 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 16.05 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 27 जून 2024 तक प्रत्येक गुरुवार को बनारस स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 10.10 बजे इटारसी पहुंचकर, 10.15 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 23.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी।

#### चलित मॉडल के डिमांस्ट्रेशन से वीवीपेट की पर्ची को देखने किया जागरूक

## मतदान के समय सतर्क रहें, आंख और कान खुले रखें

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लिये सारिका का कार्यक्रम



**इटारसी, देशबन्धु।** ईवीएम से वोट देने के लिये तो उसकी नीली बटन दबाने उंगली की जरूरत होती है फिर आंख एवं कान की बात क्यों कही जा रही है। इस बारे में मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने एक चलित मॉडल की मदद से ईवीएम तथा वीवीपेट की कार्यप्रणाली को आम लोगों के सामने प्रदर्शन किया।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा जा रहे स्वीप कार्यक्रम में सारिका घारू ने प्रयोग डिमांस्ट्रेशन करते हुये बताया कि जैसे ही आप ईवीएम पर अपने पसंद के प्रत्याशी की नीली बटन दबायेंगे मशीन से एक लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी जो इस बात की पुष्टि होगी कि आपका वोट मशीन में दर्ज हो चुका है। इसके साथ ही ईवीएम के बगल में रखी वीवीपेट में बनी कांच की खिड़की में लाईट के साथ लगभग 7 सैकंड तक एक पर्ची दिखाई देगी जिसमें उस प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह होगा जिसे आपने वोट दिया है। यह पर्ची मशीन के अंदर ही कट कर एक सील बंद बॉक्स में गिर जायेगी, बाहर नहीं निकलेगी। इसे अपनी आंखों से देख कर आप पूरी तरह संतुष्ट हो सकेंगे। इस तरह उंगली के साथ कान एवं आंख के प्रयोग से आप महसूस कर सकेंगे संतुष्टि सही मतदान की। सारिका ने बताया कि कल शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान प्रात: 7 बजे आरंभ हो रहा है इसमें आप तो मतदान करें ही साथ ही अपने रिश्तेदारों एवं परिचितों को भी करे प्रेरित। लोकतंत्र के धर्म को निभाने का दिन है यह।

क्या है वीवीपेट - इसका पूरा नाम वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल है। इसको आम चुनाव 2014 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तथा 2019 के आम चुनाव में सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उपयोग किया गया, तब से इसका उपयोग जारी है।

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान आज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जाएंगे और इसके लिए चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। इसके लिए दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गई हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए फोन पर रिकार्ड की हुई अपील जारी करने के अलावा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं। अट्ठासी सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिए 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है।

राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# मप्र की 6 सीटों पर सियासी रण

**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। इन छह लोकसभा सीटों पर कुल 80 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लगातार सात बार से सांसद वीरेंद्र सिंह और चार बार से सतना लोकसभा सीट जीतने वाले गणेश सिंह की सियासी साख दांव पर है। कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी लोकसभा के चुनावी समर में उतरे हैं।

**सतना लोकसभा सीट**–सतना से चार बार के सांसद गणेश सिंह को भाजपा ने इस बार भी अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को टिकट दिया है। नारायण त्रिपाठी को बसपा ने उतारा है। नौ निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी इस सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हराया था।

**रीवा लोकसभा सीट**–रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने ब्राह्मण चेहरों पर दांव खेला है। भाजपा ने मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र पर भरोसा जताया है। जनार्दन मिश्र का रीवा लोकसभा सीट पर 10 सालों से कब्जा है। कांग्रेस ने जनार्दन मिश्र के सामने नीलम अभय मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा की टिकट पर सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। उनके पति अभय मिश्रा मौजूदा समय में सेमरिया से विधायक हैं। बसपा ने रीवा सीट पर अभिषेक पटेल को टिकट दिया है। सात निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी यहां चुनाव मैदान में हैं।

**खजुराहो लोकसभा सीट**–खजुराहो में इस बार चुनाव दिलचस्प है। कांग्रेस से गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी। मगर यहां से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो चुका है। इसके बाद ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के आरबी प्रजापति को कांग्रेस और सपा समेत गठबंधन में शामिल पर्टियों ने साझा प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा से विष्णु दत्त शर्मा चुनावी मैदान में हैं। बसपा से कमलेश कुमार मैदान में हैं। यहां चार निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

**टीकमगढ़ लोकसभा सीट**–टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर दो निर्दलीय समेत कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं।

भाजपा ने डॉ. वीरेंद्र कुमार को टिकट दिया है। उनके सामने कांग्रेस से खुमान उर्फ पंकज अहिरवार उतरे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अहिरवार दल्लूराम को पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार लगातार सात बार से सांसद हैं। खास बात यह है कि टीकमगढ़ सीट से लगातार तीन बार जीत चुके हैं और अब चौथी बार इसी सीट से चुनाव मैदान में हैं।

**दमोह लोकसभा सीट**–दमोह से भाजपा ने पूर्व विधायक राहुल सिंह लोधी को टिकट दिया है। कांग्रेस ने यहां तरबर सिंह लोधी को उतारा है। बसपा की टिकट पर इंजीनियर गोवर्धन राज अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर आठ निर्दलीय समेत कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**होशंगाबाद लोकसभा सीट**–होशंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। दर्शन सिंह के सामने कांग्रेस के संजय शर्मा उर्फ संजू भैया हैं। बसपा ने रामगोविंद बारुआ को उतारा है। इस सीट पर सात निर्दलीय समेत कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### झाबुआ में भाजपा प्रत्याशी की रैली को किया मुख्यमंत्री ने सम्बोधित, बोले-

# गरीबी हटाने के लिए राहुल के पास जादू की छड़ी है क्या?



## जिला पंचायत सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

नामांकन रैली में कांग्रेस के जिला पंचायत के 2 सदस्य भाजपा के मंच पर दिखाई दिए। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य विजय भाबर और ममता बहादुर हटीला को मुख्यमंत्री ने भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। विजय भाबर कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के करीबी है।

**धर्मेंद्र पंचाल**

**झाबुआ, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को रतलाम-झाबुआ सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनिता नागर सिंह चौहान की नामांकन रैली में शामिल हुए। डॉ. यादव सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र आर्थिक सर्वेक्षण की बात पर कहा कि राहुल गांधी आर्थिक सर्वेक्षण की बात कर रहे हैं, क्या उनके पास गरीबी हटाने के लिए जादू की छड़ी है क्या?

55 साल कांग्रेस का शासन रहा गरीबी नहीं हटी, अब आर्थिक सर्वेक्षण करवाकर एक रात में गरीबी कैसे हटाएंगे? इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रतलाम-झाबुआ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया पर आरोप लगाया कि उन्होंने झाबुआ के विकास के लिए कुछ नहीं किया। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने भूरिया को विधायक, सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बनाया, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं, जबकि इसके विपरीत भाजपा ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया।

मुख्यमंत्री ने झाबुआ-अलीराजपुर में संचालित विकास कार्यों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि एक संसदीय क्षेत्र के 3 जिलों से 3 केबिनेट मंत्री बनाने का काम भी भाजपा कर सकती है। उन्होंने माछलिया घाट, दिल्ली - मुबंई एक्सप्रेस हाइवे, सीएम राइज स्कूलों, सिंचाई योजनाओं सहित कई योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को बिना ब्याज में पैसा भाजपा सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज तो दे रहे हैं। यदि किसी झाबुआ जैसे जिले में किसी आदिवासी भाई-बहन की जान बचाने के लिए हेलिकॉप्टर की सेवा भी लगेगी, तो वह भी भाजपा की सरकार देगी। साथ ही प्रदेश में शव छोड़ने के लिए भी नई व्यवस्था लागू करेंगे।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रत्याशी अनिता चौहान ने भी संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। मंत्री निर्मला भूरिया ने भीली भाषा में संबोधित किया। मुख्यमंत्री का आदिवासी संस्कृति के अनुसार साफा और झुलड़ी (जैकेट) पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, नागर सिंह चौहान, चेतन कश्यप सहित तीनों जिलों के जिलाध्यक्ष और भाजपा नेता मौजूद रहे। नामांकन सभा से पहले डॉ. यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अनिता नागर सिंह चौहान का नामांकन दाखिल करवाया। इस दौरान उनके पति नागर सिंह चौहान और चेतन कश्यप भी मौजूद रहे।

# भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान से पहले की बैठक



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में 26 अप्रैल को 6 लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर बैठक हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक हेमंत खण्डेलवाल, विनोद गोटिया, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदीप त्रिपाठी, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा, अभयप्रताप सिंह, उमाकांत दीक्षित एवं संजय वर्मा सहित प्रबंधन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता की तिथि बढ़ी, 30 तक भेज सकेंगे प्रविष्टि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों को अतिरिक्त अवसर देने की मंशा से इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह 25 अप्रैल थी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है।

### कांग्रेस सचिव पायलट ने उज्जैन में किया जनसभा को सम्बोधित, पूछा सवाल

# भाजपा को 4 सौ सांसद क्यों चाहिए?



**उज्जैन, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट ने कहा कि सरकार बनाने के लिए 272 सांसद चाहिए होते हैं, लेकिन भाजपा को 4 सौ सांसद क्यों चाहिए? कहीं न कहीं इनके जेहन में ये बात है, जो खुद इनके नेता बोलते हैं और आज मजबूरन भाजपा के शीर्ष नेताओं को खुले मंच से खंडन करना पड़ रहा है कि हम संविधान से छेड़छाड़ नहीं करेंगे, हम आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं करेंगे। आपको खंडन की नौबत ही क्यों पड़ी है? उन्होंने कहा कि 4 सौ पार तो 1984 में राजीव गांधी के सांसद आए थे, कभी उन्होंने बोला कि विपक्ष खत्म कर दूंगा।

श्री पायलट आज उज्जैन लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार के पक्ष में शहीद पार्क में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को म-म करने का बड़ा शौक है। भाजपा नेता हर वक्त म-म की बातें करते रहते हैं। वो बात करते हैं मुसलमान-हिंदू की, मंदिर-मस्जिद की, मंगलसूत्र की।' सभा में सचिन पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील भी की। उज्जैन में कांग्रेस की सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए वादों को 10 साल हो गए, इन 10 साल में क्या हुआ? पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने 17 सरकारें गिराईं, 5 सौ विधायक खरीदे, 2 सौ सांसद दल-बदल हुए। श्री पटवारी ने कहा कि काला धन स्विस बैंक से आना था, 15-15 लाख इसी से मिलने थे, इसकी तो लिस्ट नहीं आई, लेकिन एसबीआई की लिस्ट आ गई। उन्होंने कहा, बाबा रामदेव ने कहा था कि पेट्रोल 30 रुपए लीटर करा दूंगा, सौ लीटर करा दिया।

# कटनी के कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**कटनी,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में कांग्रेस के अनेक नेताओं व 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर कांग्रेस के जिन नेताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है, उन सभी का मैं भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद कटनी कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है और कटनी ने कांग्रेस मुक्त होने की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं।भाजपा जिला कार्यालय पन्ना में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश सचिव, जिला महामंत्री सहित कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में कटनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष व उद्योगपति रौनक खंडेलवाल, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता एवं कटनी महापौर प्रत्याशी श्रीमती श्रेया खण्डेलवाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अंकित सिंघानिया, जिला महामंत्री मुकेश पाठक एवं युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आकाश तिवारी सहित 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक संदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की अपील, निर्भीक होकर करें मतदान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

श्री राजन ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भय होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री राजन ने कहा है कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिये 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में छाया एवं पीने के लिए ठंडा पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं।

### राजस्थान की पांच सीटों पर कई दिग्गजों की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर

# कोटा-बूंदी में अपनों से ही ओम बिरला की टक्कर



- भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए प्रहलाद गुंजल से है ओम बिरला का मुकाबला
- दूसरे चरण में केंद्रीय मंत्रियों समेत बड़े नेताओं का भाग्य ईवीएम में होगा कैद

**जयपुर, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में शुक्रवार को राजस्थान की 13 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में ये सभी सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इन सबके बीच 13 में से पांच सीटें बाड़मेर-जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, जालोर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट ऐसी हैं जिन पर सबकी निगाहें हैं, जहां से दो केंद्रीय मंत्री, लोकसभा के स्पीकर और पूर्व कांग्रेसी सीएम के बेटे की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं कैलाश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. सी.पी. जोशी सहित कई नेताओं की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में चुनाव इस मायने में बहुत रोचक हो गया है, क्योंकि यहां वास्तविकता में टक्कर भाजपा के ही पूर्व और मौजूदा दिग्गजों में हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के सामने भाजपा से ही कांग्रेस में गए पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल हैं। गुंजल चार महीने पहले विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे। बिड़ला को भाजपा के वोट कटने का खतरा है, तो कांग्रेस में भितरघात की आशंका। शहरी वोटों को लेकर भाजपा तो अल्पसंख्यकों पर कांग्रेस आश्वस्त हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में मीणा-गुर्जर वोटों का बंटवारा बहुत हद तक परिणाम प्रभावित करेगा। एक-एक वोट को बटोरने के लिए भाजपा की ओर से मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, कांग्रेस से पूर्व मंत्री अशोक चांदना और क्षेत्र के युवा नेता नरेश मीणा दिन रात मशक्कत में जुटें हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों में कांग्रेस और पूर्व की गहलोत सरकार पर चुन-चुन कर निशाना साधकर पार्टी का प्रभुत्व बनाए रखने का प्रयास किया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से भी केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार पर निशाना साधा गया और विधानसभा की हार को लोकसभा चुनाव में जीत में बदलने का प्रयास किया गया है।

## बांसवाड़ा-डूंगरपुर में आदिवासी नेताओं में साख की जंग

बांसवाड़ा-डूंगरपुर में प्रत्याशी भी आदिवासी समुदाय के हैं और निर्णायक भी आदिवासी मतदाता हैं। पूरा चुनाव जनजातीय मुद्दों पर टिका है। दशकों से क्षेत्र में कांग्रेस के बड़े आदिवासी चेहरे और कई बार के विधायक और मंत्री रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय को इस बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। सामने भारतीय आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार विधायक राजकुमार रोत हैं। कांग्रेस ने भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन किया, लेकिन कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार ने अंतिम समय में नामांकन वापस ही नहीं लिया। ऐसे में मुकाबला कहने को त्रिकोणीय है, लेकिन कांग्रेस को समर्थन रोत का करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में इसी सीट पर सभा के दौरान मंगलसूत्र वाला बयान देकर क्षेत्र को पूरे देश में चर्चित कर दिया था।

# त्रिपुरा में भाजपा उपाध्यक्ष को नोटिस

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में त्रिपुरा ईस्ट (सु) संसदीय सीट पर चुनाव से एक दिन पहले गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्जी ने टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक एवं शाही वंशज प्रद्योत किशोर देवबर्मन के खिलाफ प्रतिकूल बयान देने के मामले में पार्टी के उपाध्यक्ष पटल कन्या जमातिया को कारण बताओ नोटिस दिया। इससे पहले जमातिया ने संवाददाता सम्मेलन में प्रद्योत किशोर पर हमला बोला और उन पर आदिवासी सशक्तिकरण का समर्थन करने वाले लोगों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रद्योत किशोर ने अपने संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया है और उन्हें आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच नफरत फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी के हितों की रक्षा के लिए और शीर्ष नेतृत्व को प्रद्योत पर बहुत अधिक भरोसा करने के प्रति आगाह करूं। मैं पार्टी का एक वफादार सिपाही और मोदी जी का समर्पित अनुयायी हूं, इसलिए मैं यह सब कह रहा हूं। यह आदमी (प्रद्योत) अपनी बड़ी-बड़ी बातों से राज्य और यहां के लोगों, विशेषकर आदिवासियों का भला नहीं कर सकता। भट्टाचार्जी ने हालांकि जमातिया के रुख को खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी उनके विचारों का समर्थन नहीं करती है। इस तरह के बयान भाजपा के उपाध्यक्ष के पद के लिए अशोभनीय हैं और उन्हें पहले ही नोटिस दिया जा चुका है तथा पांच दिनों के भीतर अपने बयान पर उनका जवाब मांगा गया है। गौरतलब है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से ठीक एक सप्ताह पहले राज्य की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी टीआईपीआरए मोथा ने आदिवासी सशक्तिकरण के मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भाजपा के साथ गठबंधन किया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस फिर कुर्सी के लिए....** के पास जो पवित्र स्त्रीधन होता है, कांग्रेस उसे जब्त कर अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए, उसे बांटने की सार्वजनिक घोषणा कर रही है, मेनिफेस्टो में बता रही है। उन्होंने का नाम लिए बिना कहा कि इन दिनों कांग्रेस के शहजादे को आए दिन मोदी का अपमान करने में मजा आ रहा है। वो कुछ भी बोलते जा रहे हैं। लेकिन आप दुखी मत होइए, गुस्सा मत कीजिए, आपको पता है कि वे नामदार हैं और हम कामदार हैं।

उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुसलमानों को आरक्षण देने की बात कहते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस दलितों का, पिछड़ों का, आदिवासियों का हक छीनने का षडयंत्र लंबे समय से कर रही है। सभा में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, ऐंदल सिंह कंसाना, पूर्व मंत्री व क्लस्टर प्रभारी भूपेन्द्र सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, सांसद विवेक शेजवलकर, श्रीमती माया सिंह, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, मुरैना जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, श्योपुर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, अरविंद सिंह भदौरिया, अनूप सिंह, दुर्गालाल विजय, कमलेश जाटव, सूबेदार सिंह, रघुराज सिंह कंसाना, गिरिराज सिंह दंडोतिया, मुंशीलाल, श्रीमती सरला रावत, नरेंद्र सिंह कुशवाह, बाबूलाल मेवाड़ा, अशोक अर्गल, अजब सिंह कुशवाहा, श्रीमती आरती गुर्जर, श्रीमती गुड्डी बाई, राकेश मावई, सत्यप्रकाश सखवार, कमलेश सुमन, परसुराम मुदगल एवं केदार यादव मौजूद रहे।

**हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति....** की नौकरी,30 लाख रिक्तियों पर भर्ती, किसानों को कानूनी एमएसपी।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के वादे पर तंज करते हुए उन्होंने कहा 'मोदी की गारंटी- अडानियों की सरकार- देश की संपत्ति अरबपतियों की जेब मे, चंदे के धंधे वाली वसूली गैंग, संविधान और लोकतंत्र खतम,किसान पाई-पाई का मोहताज।'

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।